

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 14 अप्रैल 2026 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष -42 ■ अंक-016 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 15 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## होर्मुज में अमेरिका की नाकाबंदी 24 घंटे के भीतर ही फेल

**बीजिंग,14 अप्रैल।** अमेरिका ने बड़े ही जोशो खरोश से होर्मुज़ के आसपास नाकाबंदी की घोषणा की थी. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने अपने कई युद्द पॉट भी यहां तैनात कर दिए थे, लेकिन मात्र 24 घंटे के भीतर ये नाकाबंदी फेल हो गई. दरअसल, ईरान की अनुमति लेकर इस संकरे रास्ते से चीन का एक मालवाहक जहाज़ आराम से गुजर गया. इस चीनी जहाज पर मेथेनॉल लदा था, जिसे अमेरिका रोक नहीं पाया. दिलचस्प बात यह है कि इस जहाज पर सालों पहले अमेरिका ने प्रतिबंध लगा रखा था. इसके बावजूद, चीन के इस मैथेनॉल टैंकर पर अमेरिका हमला नहीं कर पाया. कुछ जानकार ये भी कह रहे है कि अमेरिका ने जानबूझ कर इस जहाज के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया ताकि सीधे विवाद से बचा जा सके, आखिर दोनों ही देश परमाणु सपन्न जो है.



जानकारी के अनुसार सोमवार (13 अप्रैल) को चीनी टैंकर रिच स्टारी केशम द्वीप के पास से होते हुए होर्मुज से गुजरा. पहले जहाज को कुछ समय के लिए केशम के पास रोका गया था, लेकिन बाद में बिना किसी विवाद संकरे रास्ते से जाने दिया गया. मंगलवार सुबह इस टैंकर को ओमान की खाड़ी में देखा गया. उसी क्षेत्र में, जहां अमेरिका ने अपने लाव-लश्कर के साथ नाकाबंदी की घोषणा की है. रिपोर्ट के मुताबिक यह टैंकर फारस की खाड़ी से पहले होर्मुज के पास आया. पहले प्रयास में यह टैंकर होर्मुज क्रॉस करने में विफल रहा. इसके बाद दूसरे प्रयास में इसे पास कराया गया. यह चीन के एक बंदरगाह पर जा रहा है. कंपनी रिच स्टारी भी चीन की ही है. मरीनट्रैफिक के मुताबिक पहले इस कंपनी का नाम फुल स्टार नाम था और यह हांगकांग का झंडा लेकर चलती थी, लेकिन अब इस टैंकर पर चीनी ध्वज है. अमेरिकी सेंटकॉम का कहना है कि अरब सागर और ओमान की खाड़ी में उसने युद्धपोत तैनात कर रखे हैं. होर्मुज से जो भी जहाज गुजरेगा, उस पर अमेरिकी सैनिक हमला कर देंगे. अमेरिका ने ईरान पर दबाव बनाने के लिए होर्मुज के बाहर जहाजों की तैनाती की है.

## सामाजिक न्याय और समानता के महान शिल्पी थे डॉ. आंबेडकर : मुख्यमंत्री साय



■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,14 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के सशक्त प्रहरी थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन को समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया और एक ऐसे भारत की नींव रखी, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बाबा साहेब के आदर्शों और सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## चेन स्नैचिंग की शिकायत पर कंडक्टर ने थाने में यात्रियों समेत खड़ी कर दी बस

**बलौदा बाजार,14 अप्रैल।** भाटापारा से बलौदा बाजार आ रही राधेश्याम बस सर्विस की बस में एक महिला चैन स्नैचिंग का शिकार हो गई. गले से सोने की चेन गायब होने का अहसास होते ही महिला ने कंडक्टर से शिकायत की, जिस पर कंडक्टर ने यात्री सहित बस को कोतवाली थाना में खड़ा कर दिया, जहां पुलिस संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ कर रही है. जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला टाकेश्वरी साहू भाटापारा से अपने मायके ग्राम रवान के लिए बस में सवार हुई थी. ग्राम रवान में जब वह उतरने जा रही थी कि उसे अहसास हुआ कि उसके गले से सोने की चेन गायब है. उसने परिचालक दीपक ठाकुर से शिकायत की, जिस पर परिचालक ने देर न करते हुए यात्रियों सहित बस को कोतवाली थाना में ले जाकर खड़ा किया.

## ईरान को अब तक 250 अरब डॉलर का नुकसान

**तेहरान,14 अप्रैल।** अमेरिका और ईरान में सीजफायर और तनाव साथ जारी हैं। इसी बीच ईरान में युद्ध के दौरान हुए नुकसान का आकलन जारी है। खबरें ये भी आईं हैं कि सेंट्रल बैंक की तरफ से एक रिपोर्ट राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान को भेजी गई है। ताजा आंकड़ों से पता चल रहा है कि ईरान 250 अरब डॉलर से ज्यादा के नुकसान का सामना कर चुका है। फिलहाल, दोनों मुल्कों के बीच तनाव कम होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

ईरान सरकार की प्रवक्ता फातेमा मोहाजेरानी ने कहा है कि शुरुआती अनुमानों के अनुसार अमेरिकी-इजरायली हमलों से ईरान को लगभग 270 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। मोहाजेरानी ने कहा, 'प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार आज तक 270 अरब डॉलर का नुकसान होने का संकेत मिला है।' उनके अनुसार, नुकसान के अधिक सटीक आंकड़े सरकार के आर्थिक ब्लॉक द्वारा निर्धारित किए जाएंगे, जो कई चरणों में इसका मूल्यांकन कर रहे हैं।

प्रवक्ता ने बताया कि पहले चरण में इमारतों के नुकसान का आकलन किया जा रहा है, जबकि दूसरे चरण में बजट राजस्व के नुकसान और औद्योगिक केंद्रों के बंद होने से संबंधित नुकसान का आकलन किया जाएगा। मोहाजेरानी ने यह भी उल्लेख किया कि ईरान को दिए जाने वाले अमेरिकी सैन्य हर्जाने का मुद्दा ईरानी वार्ता टीम द्वारा उठाए जा रहे विषयों में से एक है।

ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की पहले से ही नाजुक अर्थव्यवस्था को 40 दिनों के युद्ध के दौरान जमकर नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान को भेजे गए एक आकलन में वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया है कि इस नुकसान को ठीक करने में 12 साल तक का समय लग सकता है।

युद्ध के दौरान कई बड़े एयरपोर्ट्स को नुकसान पहुंचा। जबकि, तेल ठिकानों, रिफाइनरीज और पेट्रोकेमिकल संस्थानों को भी निशाना बनाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने चेताया है कि उत्पादन क्षमता को हुए नुकसान के चलते आने वाले महीनों में महंगाई तेजी से बढ़ सकती है। राष्ट्रपति को भेजे गए आकलन में बताया गया है कि औद्योगिक इनपुट सप्लाई ऐसे ही कम बनी रही तो महंगाई में 180 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है।

**फिर बातचीत की तैयारी**–सूत्रों के हवाले से बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता हो सकती है। अमेरिका के दो अधिकारियों और इस घटनाक्रम से परिचित एक अन्य अधिकारी ने बताया कि अगले सप्ताह युद्धविराम समाप्त होने से पहले दोनों पक्ष समझौते तक पहुंचने के लिए फिर से आमने-सामने वार्ता करने पर विचार कर रहे हैं ताकि छह सप्ताह से जारी युद्ध खत्म किया जा सके।

राजनयिक और अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि मेजबान स्थल के तौर पर पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पर एक बार फिर विचार किया जा रहा है। अमेरिकी अधिकारियों ने यह भी कहा कि इसके लिए जिनेवा भी एक संभावित स्थान है। उन्होंने कहा कि हालांकि स्थान और समय अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन वार्ता गुरुवार को हो सकती है।

## हाइवा और ट्रक में टक्कर, तीन की मौत

**अभनपुर,14 अप्रैल।** थाना गोबरा नवापारा क्षेत्र में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, नवापारा-अभनपुर मुख्य मार्ग स्थित बजरंगपुर टोल नाका के पास रात करीब 1:30 बजे तेज रफ्तार मिनी हाइवा और ट्रक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और उनमें सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल होकर वाहनों में ही फंस गए।

सूचना मिलते ही गोबरा नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोबरा नवापारा पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान तीनों ने दम तोड़ दिया।




# भाजपाइयों ने योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 14 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस पखवाड़ा के द्वितीय चरण में गांव चलो घर चलो बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा उतई मंडल के द्वारा ग्राम मचादूर,खोपली,घुघसीडीह, चिरपोटी,करगाडीह,एवं उतई में घर-घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थी से मिलकर संवाद किया गया।एवं साथ ही अलग अलग गांवों के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका सम्मान किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष उतई शीतला ठाकुर,महामंत्री प्रवीण यदु,चंदू देवांगन,वृत्ताकार सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं उतई मंडल प्रभारी श्वेता यादव,करण सेन,फलेंद्र राजपूत,पार्षद सतीश चंद्राकर,लक्ष्मीनारायण साहू,विमला कामड़े,एकता चंद्राकर,मोतिम ठाकुर,दनेश्वरी देशमुख,शुभम वर्मा,पूजा चंद्राकर,लोकेश्वर चंद्राकर,ओमन लाल साहू,अशोक देवांगन,बसंत सोनवानी,घनश्याम साहू,राजूलाल साहू,घनश्याम चंद्राकर,देवेंद्र भारती,धनराज गजपाललेखराम साहू,हितेश साहू,सोमन साहू,लेखराम साहू,मंजू वर्मा,राकेश देवगण, सहित कार्यकर्ता अधिक संख्या में उपस्थित रहे।



**भिलाई,14 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन जी के मार्गदर्शन में पावर हाउस अंबेडकर चौक पर भारत रत्न डा.बाबा साहेब अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर माल्यार्पण कर सादर नमन् किए और उनके आदर्शों को आत्मसात कर आगे बढ़ने का प्रण लिए तथा बुराईयों को दूर कर शिक्षा के मार्ग पर अग्रसर होकर सद्भावना का संदेश दें । पुरुषोत्तम देवांगन भिलाई बीजेपी अध्यक्ष अनिल सोनी , श्याम देवांगन , कैंप मंडल उपाध्यक्ष रामेश्वरी सिन्हा, शामिल हुए ।

# सांसद संतोष पांडेय ने तरेगांव जंगल क्षेत्र में बन रहे सड़क निर्माण का किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 14 अप्रैल।** क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत वनांचल क्षेत्र तरेगांव जंगल में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत निर्माण हो रहे सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

सांसद संतोष पांडेय ने दुर्जनपुर से इंद्रीपानी व तरेगांव जंगल से गुडली तक सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क की गुणवत्ता की जांच की। विभागीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कहा कि निर्माण कार्य में अनियमितता व लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सांसद पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इन योजनाओं के तहत हर क्षेत्र का विकास हो रहा है। गांव-गांव में सड़क निर्माण हो रहा है। दुर्गम क्षेत्रों में भी सड़कें बन रही हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जयराम साहू, मंडल अध्यक्ष मोहन लाल धुर्वे, सांसद प्रतिनिधि नरेश चंद्रवंशी, कांशीराम उइके, रूप सिंह धुर्वे, श्रवणगिरी गोस्वामी, मनोज नायक, टेकराम चंद्रवंशी, सौरभ सिंह, सुनील मानिकपुरी, अन्य पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण, संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## पुलिस ने युवक को गांजा बेचते किया गिरफ्तार

**भिलाई,14 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई नशे के खिलाफ दुर्ग पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है इसी कड़ी में कुम्हारी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गांजा बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुम्हारी के गौठान के पास एक युवक अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 1.700 किलोग्राम गांजा और 12,500 रुपए नगद बरामद किए गए।



## एक नजर

## साफ्टवेयर इंजीनियर से 16 लाख की ठगी

**भिलाई,14 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र के सॉफ्टवेयर इंजीनियर शेयर बाजार से मुनाफा कराने के झांसा देकर आरोपियों ने उससे सोशल मीडिया के माध्यम से एक लिंक भेजकर एक ग्रुप से जोड़ लिया इस के बाद सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने उनके कहने पर 8 बार में साढ़े 16 लाख रुपए की रकम जमा करा दी रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है? वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि सड़क-30 पटवारी बाडी शांतिनगर निवासी राजनारायण पाण्डेय (46 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह मुंबई में सफ्टवेयर इंजीनियर है। उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर वीआईपी एक्सक्यूटीव सर्विस मे जुडने के लिए वाटसएप लिंक का मैसेज आया। 2 जनवरी 2026 को वह उस ग्रुप से वाटसएप के माध्यम से जुड गया। ग्रुप की एडमिन दिया। ऐप के माध्यम से शेयर मार्केट में इनवेस्ट करने पर अधिक मुनाफे की बात कही। इस पर उसने अपनी पत्नी अर्चना पाण्डेय के बैंक खाता से 22 जनवरी को पहली बार 5 हजार रुपए की एनआईएफटी की। 23 जनवरी को यूपीआई के माध्यम से 8 हजार रुपए, 28 जनवरी को 20 हजार रुपए, 6 फरवरी को 80 हजार, 11 फरवरी को 60 हजार, 14 फरवरी को 1 लाख, 15 फरवरी को 80 हजार, 18 फरवरी को दो बार में 12 लाख रुपए दिए। इस तरह आठ बार में कुल 16 लाख 66 हजार रुपए की रकम निवेश की। इसके बाद 2 मार्च को जब उसने रकम निकालनी चाही तो उसे अपना पैसा विड्राल करने के लिए रकम डालने के बोला जाने लगा कहा गया कि पैसे नहीं डालने पर उसके अकाउंट की वैधानिकता समाप्त हो जाएगी। संदेह होने पर उसने सायबर सेल के टोलफ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई है।

## अनाचार का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई,14 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के दोस्त की पत्नी के साथ अनाचार करने आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी को खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है नेवई पुलिस ने बताया कि आरोपी डुंडेरा निवासी है रोजी मजदूरी करने नेवई आता था उसकी पहचान नेवई में रहने वाले युवक से हुई। दोनों की दोस्ती इतना बढ़ी कि घर पर आना जाना शुरू हो गया। आरोपी उसके घर मछली मुर्गा ले जाता था। पति के कहने पर उसके दोस्त की पत्नी उसे बनाकर खिलाती थी। दोस्त के साथी दगाबाजी करते हुए आरोपी ने उसकी पत्नी के साथ अनाचार कर दिया महिला की शिकायत पर मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## नियम तोड़ने पर 24 पुलिस कर्मियों का चालान

**भिलाई,14 अप्रैल (तछसं.)।** यातायात नियमों उल्लंघन करते हुए बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते 24 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत चालानी कार्रवाई की है इन पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें भविष्य के लिए सख्त चेतावनी भी दी है साथ ही इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के माध्यम से निरंतर निगरानी रखते हुए कैमरों के जरिए ई-चालान जारी किए जा रहे हैं। ताकि नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित किया जा सके यातायात पुलिस द्वारा सभी पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे स्वयं नियमों का पालन करते हुए आम नागरिकों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करें दुर्ग पुलिस आम नागरिकों एवं पुलिस विभाग के सभी कर्मचारियों से अपील कि है कि दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें। यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## अवैध रुप से शराब बेच रहा युवक गिरफ्तार



**दुर्ग,14 अप्रैल (तछसं.)।** दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नदी रोड स्थित वाटर फिल्टर प्लांट के सामने दुर्ग में कपड़े के थैले में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। मौके पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। उसके पास गुलाबी सफेद रंग के कपड़े के थैले में अवैध शराब रखी हुई थी।

## ग्राम देवरझाल में व्यक्ति का शव मिला

**दुर्ग,14 अप्रैल (तछसं.)।** नंदिनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरझाल में सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया सूचना मिलने पर प्रशिक्षु डीएसपी दानेश्वर साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की मृतक की पहचान 40 वर्षीय असुर मरकाम के रूप में हुई है, जो पेशे से हाईवा चालक बताया जा रहा है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लोगों ने शड़क किनारे शव देख पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया ।

# गांव चलो, घर चलो अभियान के तहत ग्राम फूंडा एवं देवादा में भाजपा पदाधिकारियों ने किया जनसंपर्क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 14 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो, घर चलो अभियान के अंतर्गत आज ग्राम फूंडा एवं देवादा में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने घर-घर पहुंचकर आमजन एवं हितग्राहियों से सीधा संवाद स्थापित किया।

अभियान के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, तथा राज्य सरकार की योजनाओं के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। हितग्राहियों से इन योजनाओं के प्रभाव और उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों पर चर्चा की गई।ग्रामीणों ने सरकार की योजनाओं के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इन योजनाओं से उनके जीवन स्तर में सुधार आया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह भी सुनिश्चित किया कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे।इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि हर जरूरतमंद तक उसका लाभ पहुंचाना है। ÷गांव चलो, घर चलो अभियान÷ इसी दिशा में एक सशक्त कदम है, जिसके माध्यम से पार्टी सीधे जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रही है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती रानी बंछोर मंडल अध्यक्ष पाटन, लोकमनी चंद्राकर पूर्व मंडल अध्यक्ष, जय वर्मा, केशव बंछोर रोशन वर्मा सरपंच फूंडा, श्रीमती लक्ष्मी वर्मा संरपंच देवादा, कुणाल वर्मा अध्यक्ष भाजयुमो पाटन निलेश्वर वर्मा प्राधिकृत फूंडा सोसायटी, पोषण वर्मा बसंत वर्मा हरि साहू तिरीथ साहू रामबाई संजीव कुंभकरण प्रेमलता सरोज बिन्नू वर्मा अजय शंकर वर्मा सोहन साहू रवि अमरिका देवनारायण पंकज, टीकूम यादव,विक्रम यादव,भावेश यादव, जतिन यादव,बादल यादव,राहुल वर्मा, यश वर्मा, वाशु कौशिक, आशीष वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, हितग्राही एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास ने स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 14 अप्रैल।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर चलाए जा रहे ÷गांव चलो, घर चलो÷ अभियान के सबसे अंतिम छोर पर बसे ग्राम तरेगांव जंगल में मुख्य अतिथि के रूप में बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास ने उपस्थित समर्पित कार्यकर्ता बंधुओं को संबोधित कर संगठन के विचारों, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और आगामी लक्ष्यों पर विस्तृत चर्चा की।वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान- पार्टी की नींव रखने वाले हमारे मार्गदर्शक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। उनका अनुभव ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।लाभार्थी संवाद- प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी परिवारों से भेंट कर उनके सुखद अनुभव सुने। पक्का घर मिलने की खुशी उनके चेहरों पर साफ झलक रही थी। यह मोदी जी की गारंटी का जीवंत उदाहरण है।महतारी वंदन सम्मान- छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना की लाभार्थी हमारी माताओं एवं बहनों से आत्मीय संवाद किया और उनका अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर गांव के आस्था के केंद्र महामाया मंदिर परिसर में साथी कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया और स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत÷ का संदेश दिया। संगठन का संकल्प अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। तरेगांव जंगल जैसे सुदूर अंचल तक भाजपा का संदेश पहुंचाना इसी संकल्प का प्रमाण है।

## 80 हजार खाते से पार

**भिलाई,14 अप्रैल।** भिलाई छावनी पुलिस ने बताया कि प्रगति नगर वार्ड-30 निवासी ट्रांसपोर्टर गौतम कुमार यादव ने अपने घर में नया बिजली मीटर लगाने के लिए आवेदन किया था एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताते हुए मीटर अपडेट कराने के नाम पर एक लिंक भेजा और उसमें मोबाइल नंबर एवं बीपी नंबर दर्ज करने के साथ 13 रुपए का भुगतान करने को कहा। आरोपी द्वारा व्हाट्सएप पर भेजी गई एपीके फाइल को जैसे ही पीड़ित ने डाउनलोड कर खोला, उसके बैंक खातों से रकम कटनी शुरू हो गई। पीड़ित के आईडीबीआई बैंक खाते से 50 हजार रुपए और एचडीएफसी बैंक खाते से 30 हजार रुपए यानी 80 हजार रुपए निकाल लिए गए। घटना के बाद जब पीड़ित ने संबंधित नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की, तो मोबाइल बंद मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है ।

# प्रिज्म आईटीआई के विद्यार्थियों ने भिलाई स्टील प्लांट का किया औद्योगिक भ्रमण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 14 अप्रैल।** प्रिज्म प्राइवेट आईटीआई, महकाखुर्द, उतई के विद्यार्थियों द्वारा भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) का एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण किया गया। इस शैक्षणिक दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस्पात उत्पादन की आधुनिक तकनीकों और औद्योगिक कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना था।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संयंत्र की तीन प्रमुख इकाइयों का अवलोकन किया

**ब्लास्ट फर्नेस-** यहाँ विद्यार्थियों ने कच्चे माल से पिघले हुए लोहे के निर्माण की प्रक्रिया, तापमान नियंत्रण एवं संचालन सुरक्षा मानकों को समझा।

**स्टील मेल्टिंग शॉप (SMS x)-** प्रशिक्षुओं को लिक्विड आयरन से उच्च गुणवत्ता वाले स्टील बनाने की प्रक्रिया, ऑक्सीजन ब्लोइंग तकनीक तथा कंटीन्यूअस कास्टिंग यूनिट की कार्यप्रणाली दिखाई गई।

**यूनिवर्सल रेल मिल (URM )-** विश्व की सबसे लंबी रेल पटरियों के निर्माण की उन्नत तकनीक, रोलिंग प्रक्रिया एवं गुणवत्ता जांच के विभिन्न चरणों का विद्यार्थियों ने बारीकी से अध्ययन किया। संस्थान के प्राचार्य श्री ललित कुमार साहू ने बताया कि इस भ्रमण से विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़े गए सिद्धांतों के व्यावहारिक अनुप्रयोग को समझने का अवसर मिला। इससे उनकी तकनीकी समझ और औद्योगिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है। भिलाई स्टील प्लांट प्रबंधन एवं जनसंपर्क विभाग का सहयोग सराहनीय रहा। संस्थान ने बीएसपी प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक भ्रमणों के आयोजन की आशा जताई।

# बाबा साहेब के विचार बड़े प्रेरक:डॉ.अजय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई,14 अप्रैल।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 'बाबा साहेब का प्रदेय विषय पर चर्चा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस चर्चा गोष्ठी में अंबेडकर की शिक्षा-दीक्षा, जीवन संघर्ष, आर्थिक-सामाजिक-राजनीतिक चिंतन तथा संवैधानिक प्रदेयों पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा विस्तार से गंभीर चर्चा की गयी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि अंबेडकर के विचार सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उनके विचार बड़े प्रेरक हैं ।बाबा साहब ने अपनी मेधा, संघर्ष और दूरदर्शिता से समाज निर्माण की बुनियाद रखी जिससे हमारा संविधान सिर्फ शासन प्रणाली न होकर जीवन शैली का हिस्सा बन गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए विभागाध्यक्ष,इतिहास डॉ. अनिल पांडेय ने अंबेडकर द्वारा मजदूरों के लिए बनाए गए कानूनों को संवेदनशील एवं मानवीय बताया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ अंबरीश त्रिपाठी ने बाबा साहेब के जीवन और चिंतन-दर्शन पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों के विचार अभिव्यक्ति के क्रम में संजना बंजारे ने कहा कि समानता हमारे संविधान की आत्मा है। तुपेश कुमार ने कहा कि बाबा साहेब ने अधिकार के साथ कर्तव्य को जोड़ा। भावेन्द्र कश्यप ने कहा कि बाबा साहेब ने महिला अधिकार पर युगांतकारी कार्य किया। डिपलेश कुमार ने सवाल उठाया कि क्या जाति व्यवस्था खत्म हो गयी है ? क्या महिलाओं को उनका अधिकार मिल गया है ? तारणदास ने अंबेडकर के वाक्य को दोहराते हुए कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पियेगा वह दहाड़ेगा। दीपेंद्र बारले ने अंबेडकर की प्राथमिक शिक्षा के दौरान अंबेडकर द्वारा सही गयी यातनाओं का जिक्र किया। निलेश निराला ने अंबेडकर को नारी मुक्ति का अग्रदूत बताते हुए नव बौद्धों की इक्कीस प्रतिज्ञाओं पर अपनी बात रखी।



## विधायक प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ने भलपहरी में गांव चलो बस्ती चलो अभियान की शुरुआत की

**कवर्धा।** विधायक प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ने भलपहरी में गांव चलो बस्ती चलो अभियान की शुरुवात की और अभियान में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रूप सिंह धुर्वे , बीजेपी कार्यकर्ता शामिल हुए । विधायक प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो आवास पाए है उन हितग्राहियों से बातचीत की ओर विधायक प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी ।

# नाबालिग के अपहरण के मामले में पांच लोग गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग,14 अप्रैल।** दुर्ग जिले के अमलेश्वर थाना क्षेत्र में अपहरण का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक 16 वर्षीय नाबालिग को हनीट्रैप के जरिए फंसाकर योजनाबद्ध तरीके से अपहरण कर लिया गया और उसके ठेकेदार पिता से 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई। महिला ने पहले इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजकर नाबालिग को प्यार के जाल में फंसाया फिर उसका अपहरण कर लिया गया। इस पूरी साजिश का मास्टरमाइंड पीड़ित का सगा भांजा निकला पुलिस ने चंद घंटों में नाबालिग को सकुशल बरामद कर महिला समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है पैट्रिक पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि प्रार्थी ने अमलेश्वर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका नाबालिग बेटा अपने ममेरे भाई सूरज साहू के साथ तिरंगा चौक अमलेश्वर मोटरसाइकिल बनवाने गया था पिता से खुद को बचा लेने की गुहार लगा रहा था। इसी बीच सूरज साहू घर पहुंचा और उसने संतोष को बताया कि उनके बेटे को एक कार में हैं। कुछ लोग ले बैयाकर की मिली लोकेशन, फिर की घेरेबंदी मामला गंभीर होने पर पुलिस ने तुरंत अपहरण का केस दर्ज किया और जांच शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अलग अलग टीमें बनाई गईं। साइबर सेल की मदद से जिस मोबाइल नंबर से कॉल आया था, उसकी लोकेशन ट्रेस की गई। लोकेशन धमतरी जिले के भखारा क्षेत्र में मिली। इसके बाद दुर्ग पुलिस ने धमतरी पुलिस से संपर्क किया। इस तरह धमतरी पुलिस ने अर्जुनी थाना क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी। इसी दौरान एक संदिग्ध ग्रे सेंट्रो कार को रोका गया। रास्ते को ब्लॉक करने के लिए जेसीबी की मदद ली गई और सड़क को ब्लॉक कर गाड़ी को रुकवाया। कार में सवार लोगों से पूछताछ करने पर मामला संदिग्ध लगा। जांच के दौरान कार से अपहृत बालक को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। साथ ही मौके से 3 आरोपियों को भी पकड़ लिया गया। इसके बाद अमलेश्वर थाना और एसीसीयू की टीम मौके पर पहुंची और आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। एएसपी श्री चन्द्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अमलेश्वर निवासी मास्टरमाइंड संजय साहू (25 साल ) के अलावा चंगोराभाटा रायपुर निवासी शैलेन्द्र लहरे (25 साल ), कृष्णा साहू उर्फ करण (28 साल ), रविंद्र लहरे (20 साल ) और हेमपुष्पा साहू (24 साल ) शामिल हैं। इनमें दो सगे भाई के साथ एक भाई और बहन भी शामिल हैं आरोपियों के कब्जे से ग्रे रंग की सेंट्रो कार और 6 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है इंस्ट्राग्राम पर मीठी-मीठी बातें? कर फंसाया? पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि अपहरण की साजिश संजय साहू ने रची थी, जो पीड़ित का रिश्ते में भांजा लगता है। उसे पता था कि कंस्ट्रक्शन का काम करने वाले ठेकेदार संतोष साहू के पास अच्छा पैसा है। इसलिए उसने उनके बेटे का अपहरण कर फिरौती मांगने की योजना बनाई। योजना में उसने हेमपुष्पा साहू को भी शामिल किया था। महिला ने पहले लड़के से इंस्ट्राग्राम पर बातचीत शुरू की और 4-5 दिनों तक मीठी-मीठी बातें कर उसे अपनी जाल में फंसा लिया फिर उसे घूमने के बहाने बुलाया और कार में बैठाकर जहां ले गई, वहां अन्य आरोपी पहले से मौजूद थे। वहां से लड़के को लेकर धमतरी की ओर निकल गए और रास्ते में उसके पिता को फोन कर फिरौती मांगते रहे।



**भिलाई।** बाबा साहेब की 135 वी जंयती पर युवा बोध्द संघ द्वारा पावर हाउस ब्रिज के नीचे रसना पिलाया गया है।

## बीएसपी में विद्युत सुरक्षा मानकों पर उच्चस्तरीय संवाद कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई,14 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विगत दिनों में सुरक्षित कार्यसंस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में विद्युत सुरक्षा विषय पर अर्धदिवसीय लार्ज ग्रुप इंटरैक्शन कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास केन्द्र में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं विभाग) श्री डी. सतपथी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम महाप्रबंधक प्रभारी (सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग) एस. के. अग्रवाल के मार्गदर्शन में असेंबली हॉल में आयोजित हुआ।इस कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों से कुल 56 विद्युत कार्यपालकों ने भाग लिया, जिससे विद्युत सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर संरचित संवाद एवं ज्ञान-विनिमय का एक प्रभावी मंच उपलब्ध हुआ।

एक नजर

## प्रदेश स्वर्णकार समाज में वीरेंद्र सोनी को प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी



**डोंगरगढ़ 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश स्वर्णकार समाज द्वारा नगर के वीरेंद्र सोनी को प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपते हुए पद पर मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक मंच के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास सोनी की अनुशंसा व संजीव कुमार सोनी राष्ट्रीय सचिव एवं निखिल सोनी राष्ट्रीय महामंत्री युवा प्रकोष्ठ की सहमति पर श्री सोनी को प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ का दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच परिवार की तरफसे बधाई देते आशा जताई गई है कि श्री सोनी स्वर्णकार समाज और देश हित में पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से अपने दायित्वों का भली-भाँति निर्वहन करते हुए स्वर्णकार समाज एवं राष्ट्र को नई दिशा प्रदान करेंगे।

## हेमन्त साहू प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के सह संयोजक बने



**सिमगा 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** क्षेत्र के उर्जावान सभी कार्यो मे सक्रिय रहने वाले, सेवा भाव मे समर्पित ,सदैव जन सेवा हेतु तत्पर,युवा नेता समाजिक कार्यकर्ता हेमन्त साहू जी को प्रदेश साहू समाज मे बडी जिम्मेदारी मिली उनकी सक्रिय भूमिका को देखकर प्रदेश साहू संघ ने उन्हे प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के सह संयोजक बनाया गया है इससे पूर्व मे हेमन्त साहू भाजपा युवा मोर्चा सहित प्रदेश साहू संघ के विभिन्न दायित्व रहे है ऐसे मे उन्हे बडी जिम्मेदारी मिली है हेमन्त साहू अनुभवी सहज सरल के साथ साथ क्षेत्र के सभी वर्गो के युवाओ मे खाशी अच्छी पकड एव पैठ है एव क्षेत्र के सभी धार्मिक व समाजिक कार्यो मे सहभागिता रहती है उनकी नियुक्त से समाज मे अच्छी पकड मिलेगा एव मजबूत होगी उनकी सह संयोजक की घोषणा से क्षेत्र मे खुशी की लहर दौड रही है उक्त अवसर पर समाजिक कार्यकर्ताओ एव विभिन्न संगठन के लोगो ने बधाई एव शुभकामनाए प्रेषित किए जिनमे जिलाध्यक्ष सुनील साहू , रवि साहू , भूवन साहू , अभिलाष वर्मा चौरेगा , हितेश साहू धोबनी, रोशन साहू अडबंधा, केवल साहू बनसाकरा , अभिषेक साहू , मंधाता साहू , हिमांशु साहू , नरेन्द्र साहू , नागेश्वर साहू आदि हैं।

## शासकीय नौकरी लगाने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में वाहन चालक के पद पर पदस्थ आरोपी सुरेंद्र टंडन द्वारा शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर उसके साथ दुष्कर्म किया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्र. 169/2026 धारा 64(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी जांच विवेचना करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी करने हेतु दिए गए निर्देशों के परिपालन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा आरोपी सुरेंद्र टंडन को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा युवती का शासकीय विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर उसके साथ दुष्कर्म की घटना करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 13.04.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## आपदा पीड़ित परिवारों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये के मान से 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों में शिवकुमारी केंवट पति स्व. गणेशराम केंवट, निवासी ग्राम सुनसुनिया तहसील लवन, शिवमति पटेल पति स्व. आकाश पटेल, निवासी ग्राम करदा, तहसील लवन, पंचवती साहू पति स्व. सुरेश साहू, निवासी ग्राम लाहोद, तहसील लवन एवं लेन बाई यादव पति स्व.तनगू यादव, निवासी ग्राम सरखोर, तहसील लवन शामिल है। पीड़ितों के निकट परिजनों के कुंआ, महानदी के पानी में डूबने एवं सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

# चेंबर ऑफ कॉमर्स के शपथ ग्रहण समारोह में 72 पदाधिकारियों ने ली शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 14 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, बलौदाबाजार इकाई की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को जिला ऑडिटोरियम में भव्यता एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में नवीन अध्यक्ष लक्ष्मी साहू सहित कुल 72 पदाधिकारियों ने अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का विधिवत निर्वहन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में व्यापारिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी दलजीत सिंह चावला एवं दिलीप माहेश्वरी द्वारा दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी ने की। विशिष्ट अतिथियों में विधायक संदीप साहू, पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू, नगर पंचायत कसडोल के अध्यक्ष नागेश्वर साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र म्हाले, पलारी नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, चेंबर के वरिष्ठ सदस्य एवं संरक्षक इंद्र कुमार जैन, निवर्तमान अध्यक्ष एवं संरक्षक जुगल भट्टर, छत्तीसगढ़ चेंबर के कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं रायपुर संभाग प्रभारी जसप्रीत सिंह सलूजा सहित पदाधिकारी लोकेश चंद्रकांत जैन, मनोज प्रजापति, प्रशांत गुप्ता, दिलीप इसरानी एवं निखिल पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने संगठन को सशक्त बनाने तथा व्यापारियों के हितों की रक्षा हेतु कार्य करने का संकल्प लिया। अपने उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी ने नवीन टीम को बधाई देते हुए कहा कि चेंबर ऑफकॉमर्स सदैव छोटे व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करता आया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में चेंबर द्वारा 1000 एकड़ भूमि की मांग की गई थी, जो स्वीकृत भी हुई, किंतु तकनीकी कारणों से पूर्ण नहीं हो पाई। वर्तमान सरकार से भी मार्केट प्लेस हेतु भूमि की मांग निरंतर की जा रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नए रायपुर में चेंबर भवन के लिए भूमि उपलब्ध हो चुकी है और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा, जो चेंबर के लिए बड़ी उपलब्धि है।

पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने कहा कि बलौदाबाजार चेंबर ऑफकॉमर्स का इतिहास गौरवशाली रहा है। किसी भी संकट की घड़ी में चेंबर ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज एवं व्यापारियों के हित में कार्य किया है। वहीं विधायक संदीप साहू ने जिले की व्यापारिक संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बलौदाबाजार जिला सीमेंट उत्पादन के क्षेत्र में देशभर में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां सात अंतरराष्ट्रीय सीमेंट संयंत्र संचालित हैं तथा अन्य प्रस्तावित हैं। जिले के पोहा, चावल एवं दाल जैसे उत्पाद देश-विदेश में पहचान बना चुके हैं, जो गौरव का विषय है। निवर्तमान अध्यक्ष जुगल भट्टर ने कहा कि चेंबर ऑफकॉमर्स व्यापारियों की समस्याओं के समाधान का सशक्त मंच है। उन्होंने नई कार्यकारिणी से अपेक्षा की कि वे सदस्यों के सुख-दुख में सहभागी बनकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें। वहीं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा ने बताया कि चेंबर की सदस्य संख्या के आधार पर यह देश में प्रथम स्थान पर है तथा सदस्यों के हित में विभिन्न सुविधाएं, जैसे अस्पतालों में उपचार पर छूट, प्रदान की जा रही हैं।समारोह के अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# बोराई के सिविल अस्पताल में सुविधाएं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से भी कम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नगरी 14 अप्रैल।** वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के उद्देश्य से करीब पांच साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बोराई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कर उसे सिविल अस्पताल का दर्जा दिया था। उस समय अस्पताल में 18 पद स्वीकृत किए गए थे। आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को उम्मीद थी कि अब इलाज के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। लेकिन पांच साल बाद जमीनी हकीकत यह है कि बोराई का सिविल अस्पताल सिर्फनाम का रह गया है। यहां उपलब्ध सुविधाएं सामान्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से भी कम हैं।

**24×7 सेवा का दावा, हकीकत में ऑन-कॉल सिस्टम:** नियमानुसार सिविल अस्पताल को 24 घंटे अनिवार्य रूप से संचालित होना चाहिए। मगर बोराई में रात्रिकालीन आपात सेवा के लिए तैनात एकमात्र आरएमए ऑन-कॉल ड्यूटी देता है। ग्रामीणों का आरोप है कि शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे तक की ड्यूटी होने के बावजूद आरएमए विश्रामपुरी में रहता है। मरीज आने पर फोन कर उसे बुलाया जाता है। समय पर न पहुंच पाने के डर से ग्रामीण आपात स्थिति में मरीज को सीधे नगरी या धमतरी ले जाना बेहतर समझते हैं।

**स्थायी डॉक्टर नहीं, रोज बदलते प्रभारी:** दिन में भी अस्पताल प्रभारी डॉक्टरों के भरोसे चल रहा है। सिहावा, सांकरा या दुगली से मेडिकल ऑफिसर और आरएमए को रोटेशन पर भेजा जाता है। ग्रामीण माखन सलाम, सोनराज वट्टी, राजेश सामरथ समेत अन्य लोगों ने बताया कि अस्पताल जाने पर हर बार नया डॉक्टर मिलता है। फॉलो-अप के लिए मरीज को कहा जाता है ङ्क ÷डॉक्टर साहब की ड्यूटी एक महीने बाद लगेगी, तब आना।÷ स्थायी डॉक्टर न होने से मरीजों का भरोसा टूट गया है, जिससे ओपीडी भी कम हो गई है। विभागीय अधिकारी कम मरीजों का हवाला देकर सुविधाएं नहीं बढ़ाते, जबकि ग्रामीणों का तर्क है कि व्यवस्था सुधरेगी तो मरीज खुद-ब-खुद बढ़ेंगे।

**PHC से भी बदतर हालात:** विडंबना यह है कि सांकरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक मेडिकल ऑफिसर और तीन आरएमए पदस्थ हैं। वहीं बोराई सिविल अस्पताल में एक भी एमओ नहीं है। जो एक एमओ पदस्थ थी, वह पीजी कोर्स के लिए चली गई। अस्पताल में मात्र एक आरएमए और एक फार्मासिस्ट है, जिससे भी नगरी में अधिक ड्यूटी ली जाती है। सुविधाओं के अभाव में बोराई के आसपास के गांवों के लोग अब भी दूसरे अस्पतालों पर निर्भर हैं।

**नक्सलमुक्ति के बाद भी नहीं बदले हालात:** पहले बोराई नक्सल प्रभावित क्षेत्र में गिना जाता था और डॉक्टरों की तैनाती न होने का यही तर्क दिया जाता था। अब पूरा नगरी क्षेत्र और धमतरी जिला नक्सलमुक्त हो चुका है, फिर भी हालात जस के तस हैं। स्टाफ क्वार्टर न होना और किराये पर मकान न मिलना बड़ी बाधा बताई जा रही है।

इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक का कहना है कि बोराई में स्टाफ क्वार्टर के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। रोजाना एक प्रभारी डॉक्टर की ड्यूटी लगाई जा रही है और 24 घंटे सेवा का दावा किया जा रहा है। एक एमओ के अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई की जा रही है और पीजी कोर्स से लौटने पर स्थायी डॉक्टर की कमी दूर हो जाएगी।

**आंदोलन की चेतावनी:** पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी व वीरेन्द्र यादव ने बताया कि सुविधाओं के अभाव में ग्रामीणों की नाराजगी बढ़ने पर पहले भी चक्काजाम करना पड़ा था। फिलहाल प्रभारी डॉक्टरों से काम चलाया जा रहा है, लेकिन स्थायी व्यवस्था की मांग पूरी नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि वनांचल के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा से वंचित रखा गया तो ग्रामीणों के साथ मिलकर फिर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। स्वास्थ्य सुविधा पर वनांचल के ग्रामीणों का भी उतना ही हक है जितना मैदानी क्षेत्र के लोगों का। इन्हें बुनियादी सुविधा से वंचित नहीं रखा जा सकता।

## बलौदाबाजार शहर में दूसरे मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ का किया गया उद्घाटन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 14 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में यातायात व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु लगातार कार्य किया जा रहे हैं। इसी क्रम में एक मजबूत एवं सर्व सुविधा युक्त मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ की सौगात यातायात पुलिस प्रदान की गई है। आज दिनांक 13.04.2026 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हेमसागर सिदार द्वारा फीता काटकर गार्डन चौक बलौदाबाजार में मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ का विधिवत उद्घाटन किया गया। वर्तमान में जिले के बलौदाबाजार, भाटापारा एवं सिमगा में मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ लगाया गया है। यह जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में दुसरा ट्रैफिक बूथ है। इस ट्रैफिक बूथ में ड्यूटी करने वाले यातायात पुलिस अधिकारी कर्मचारी की सुविधा हेतु फैन एवं यातायात व्यवस्था को निर्देशित करने हेतु पीए सिस्टम लगाया गया है। साथ ही इस बूथ में लगे जनरेटर के माध्यम रात्रि में भी बूथ में प्रकाश की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। संपूर्ण बूथ का निर्माण बहुत ही मजबूत संरचना के माध्यम से किया गया है। इस माडर्न ट्रैफिक बूथ के अंदर दो पुलिसकर्मी एक साथ उपस्थित रहकर व्यस्त चौंक-चौराहों में भी यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संपादित कर सकेंगे। शुभारंभ अवसर पर एसडीओपी बलौदाबाजार अपूर्वा सिंह, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी लखेश केंवट, यातायात प्रभारी प्रियेश जान सहित यातायात पुलिस स्टाफमौजूद थे।

## आबकारी विभाग ने 57 हजार रुपए के अवैध देशी मदिरा सहित दो पहिया वाहन जब्त किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 14 अप्रैल।** आवकारी विभाग द्वारा 57200 रुपए के अवैध देशी मदिरा सहित एक मोटरसायकल जब्त किया गया। वृत्त कसडोल में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी हर्ष संजय कश्यप पिता संजय उम्र 25 वर्ष,ग्राम डमरू थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के कब्जे से 9 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 5,000 होना पाया गया।वृत्त सिमगा में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी विरेन्द्र कुमार गेण्डरे ग्राम डोंगरिया थाना हथबंद के कब्जे से 32 पाव कुल 5.76 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 3,200 होना पाया गया।आरोपी सुभाष कुर्रे पिता मनोज कुर्रे उम्र 19 वर्ष ग्राम मोपकी चौकी निपनिया के कब्जे से 10.8 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला एवं 1 दो पहिया वाहन एचफ्र डिलक्स क्रमांक ष्टत्र22त्त8158 जप्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 6,000 एवं दो पहिया वाहन का बाजार मूल्य 40,000 होना पाया गया।भाटापारा में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी रानू सोनवानी पिता रामगोपाल सोनवानी ग्राम गुर्रा थाना भाटापारा ग्रामीण के कब्जे से 30 पाव कुल 5.40 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 3,000 होना पाया गया। सभी आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) 59 (क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार साहू, मनराखन नेताम, विनोद कुमार बांधे, आबकारी मुख्य आरक्षक राधागिरी गोस्वामी नगर सैनिक दुर्गेश्वरी कुर्रे, दुर्गा ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## निस्तारी क़ी समस्या को देखते हुए नहर से तालाबों में जलभराव शुरू,

**बलौदाबाजार, 14 अप्रैल।** ग्रीष्म ऋतु में तालाबों में पानी क़ी कमी के कारण ग्रामीणों को निस्तारी क़ी समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा महानदी जलाशय परियोजना के नहर के माध्यम से तालाबों को भरा जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा तालाबों में पानी भरने के कार्य क़ी निगरानी क़ी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में महानदी जलाशय परियोजना के नहर के माध्यम से विकासखंड बलौदाबाजार, पलारी, सिमगा एवं भाटापारा के कुल 214 गांव के 379 तालाबों को भरने का लक्ष्य है। इनमे से 21 तालाबों में अब तक पानी भरा गया है तथा 132 प्रगतिरत है। शेष तालाबों में भी जल्द पानी भर दिया जाएगा इन तालाबों के भरने से ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी के संकट से मुक्ति मिलेगी।



## महतारी वंदन योजना बनी गायत्री साहू के लिए संबल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 14 अप्रैल।** जीवन की राह में जब दुखों का पहाड़ टूटता है, तो अक्सर उम्मीदें दम तोड़ने लगती हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना आज प्रदेश की हजारों महिलाओं के लिए अंधेरे में दीये की तरह साबित हो रही है। अमेरा की गायत्री साहू के लिये भी योजना के तहत मिलने वाली राशि सहारा बन गई।

गायत्री साहु के पति के आकस्मिक देहांत के बाद दुखों का सैलाब आ गया था। सिर से मुखिया का साया उठने के बाद परिवार के भरण-पोषण की चिंता गायत्री को दिन-रात सताने लगी थी, लेकिन मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुरू हुई महतारी वंदन योजना ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। प्रतिमाह बैंक खाते में आने वाली एक हजार रुपए की सम्मान राशि गायत्री के लिए केवल पैसा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी बन गई।अपनी इसी छोटी-सी बचत और अटूट हौसले से गायत्री ने गांव में ही एक छोटी सी फैंसी दुकान शुरू की है। आज उसी दुकान की आमदनी और सरकार से मिलने वाली निरंतर सहायता के बल पर वे न केवल अपने परिवार का सम्मानपूर्वक संचालन कर रही हैं, बल्कि समाज में एक नई मिसाल भी पेश कर रही हैं। गायत्री साहू भावुक होकर कहती हैं कि जब उन्हें सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब 'महतारी वंदन योजना' एक सच्चे सहारे के रूप में उनके पास आई। उन्होंने इस मानवीय पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का सहृदय आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उन्हें आर्थिक तंगी की बेड़ियों से मुक्त कर अपने पैरों पर खड़ा होने का साहस दिया है। गायत्री की यह मुस्कान आज प्रदेश की सशक्त होती नारीशक्ति का प्रतीक बन चुकी है।

## अशांति फैलाने वाले 4 बदमाशों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव 14 अप्रैल।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे सतत अभियान के तारतम्य मे बदमाश 01. नारायण शर्मा पिता बुद्धेव शर्मा उम्र 48 साल साकिन रामनगर वार्ड नं. 07 हनुमान मंदिर मदरसा के पास रामनगर पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव, 02. हरीराम राजपूत पिता राम सहाय राजपूत उम्र 23 साल साकिन ग्राम रामनगर थाना रहिमाबाद जिला लखनऊ म.प्र. हाल डीमार्ट के पास कंचनबाग थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव, 03. बबलू उर्फबल्ला साहू पिता बीजू साहू उम्र 21 साल साकिन शिक्षक कालोनी वार्ड नं. 08 चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग., 04. प्रशांत उर्फप्रहलाद साहू पिता भोलाराम साहू उम्र 23 साल साकिन शीतला के पास चिखली वार्ड नं. 05 चौकी चिखली वार्ड नं. 05 चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग. के द्वारा वाद विवाद कर शांति व्यवस्था भंग कर अप्रीय घटना घटित होने के संभावना पर बदमाश के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, सउनि विनोद कुमार वर्मा, म.प्र.आर. मायासिंह गौर, ज्योति साहू, आर0 आदित्य सोलंकी, चंद्रकपूर आयाम, गोपाल पैकरा, सुनील बैरागी, नेमसिंह साहू, चन्द्रकांत यादव एवं चौकी चिखली स्टाफका महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

शहर में बढ़े हुए संपत्ति कर को लेकर कांग्रेस का संग्राम तेज

# कांग्रेस ने निगम का घेराव कर आयुक्त के न रहने पर ज्ञापन दूसरे अफसरों को सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 14 अप्रैल।** शहर में बढ़े हुए संपत्ति कर को लेकर अब सियासी संग्राम तेज हो गया है। सोमवार को कांग्रेस ने नगर निगम का जोरदार घेराव कर महापौर के खिलाफमोर्चा खोल दिया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि घेराव के पहले ही महापौर ने नगर निगम आयुक्त को अनुपस्थित कर दिया ताकि कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद न रहे और ज्ञापन स्वीकार न किया जा सके। हालांकि बाद में नगर निगम के कार्यपालन अभियंता (ईई) दीपक खांडे और राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी ने कांग्रेस का ज्ञापन लिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और संपत्ति कर में कमी की मांग को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि महापौर कांग्रेस के आंदोलन से घबरा गए हैं यही कारण है कि उन्होंने आयुक्त को पहले ही हटा दिया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान बताते हुए कहा कि जनता के मुद्दों से भागना किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए शर्मनाक है। श्री पिल्ले ने कहा कि नगर निगम द्वारा तय किया गया संपत्ति कर पूरी तरह अव्यवस्थित और गलत है जिससे आम नागरिकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में संपत्ति कर निर्धारण की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए गए। प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल के लिए एक समान कर दर लागू करना तर्कसंगत नहीं है। प्रत्येक मंजिल के उपयोग और मूल्य के आधार पर अलग-अलग दरें होनी चाहिए। शहर के मुख्य मार्गों और अंदरूनी बस्तियों के लिए एक जैसी दरें तय कर दी गई हैं जबकि इन क्षेत्रों के बाजार मूल्य और सुविधाएं अलग-अलग हैं। घरों के खाली हिस्से, आंगन या खाली प्लॉट पर भी टैक्स लगाया जा रहा है, जिसे कांग्रेस ने पूरी तरह अनुचित बताया। दुकानों और व्यवसायिक परिसरों के लिए भी समान दर लागू कर दी गई है, जबकि उनकी स्थिति और आय में काफी अंतर होता है। कांग्रेस ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि संपत्ति कर में जल्द सुधार कर दरों को कम नहीं किया गया तो पार्टी आम जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। नेताओं ने कहा कि नगर निगम को चाहिए कि वह कलेक्टर गाइडलाइन और वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखते हुए कर निर्धारण पर पुनर्विचार करे ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस विरोध प्रदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख, पार्षद हफीज खान, सतीश मसीह, धनेश पाटीला, श्रीकिशन खंडेलवाल, दिनेश शर्मा, रमेश राठौड़, डॉ. राकेश कुमार, झमन देवांगन, राकेश जोशी, मुकेश साहू, मोहम्मद इब्राहिम, माया शर्मा, गणेश पवार, रमेश डकड़िया, अनिल हुड्डा, दया दास देवांगन, विनय झा, अशोक फड़नवीस, नवीन जायसवाल, विनोद यादव, आसिफ अली, मनीष गौतम, तामेश्वर बंजारे, वीरेंद्र चंद्राकर, महेश साहू, शरद खंडेलवाल, परवेज शरीफ पूर्णिमा सुखदेव, रोशनी सिंह, संगीता साहू, प्रज्ञा गुप्ता, छोटेलाल रामटेके, सूरज शर्मा, जय नारायण सिंह, शुभम प्रसाद, विश्व आजमनी, युवराज ढीढ़हेर, संदीप सोनी, ऋषि शास्त्री, जेसन सिद्दीकी, अनसुल श्रीवास्तव, मोहन खरे, जितेंद्र साहू, आशीष बाजपेई, प्रदीप राठौर, सुरेंद्र देवांगन, सचिन डेरहरे, चेतन भानुशाली, सिद्धार्थ डोंगरे, राजा यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। संपत्ति कर को लेकर शुरू हुआ यह विवाद अब राजनीतिक तूल पकड़ चुका है। कांग्रेस जहां इसे जनता से जुड़ा बड़ा मुद्दा बना रही है वहीं निगम प्रशासन पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। आने वाले दिनों में यदि इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो शहर में आंदोलन और तेज होने की संभावना है।

# साय आदिवासी समाज का हित बता रहे

हर क्षेत्र में आदमी की अलग अलग भूमिका होती है, जब जैसी उसकी भूमिका होती है, वह वैसा सोचता है और लोगों से कहता भी है कि यही उनके हित में है। जब वह परिवार के बारे में सोचता है तो वह परिवार के हित के बारे में सोचता है, परिवार के हित के बारे कहता है। तब वह न तो समाज हित व देश के हित में बारे में नहीं सोचता है, नहीं कहता है। इसी तरह जब आदमी समाज के हित में सोचता है तो वह समाज के हित में क्या कहता है,समाज के लोगों से कहता है। वह लोगों से कहता है जो समाज हित में है वह परिवार के हित में है। कई बार जो समाज हित में होता है या परिवार हित में होता है वह देश हित में नहीं होता है।सोच का दायरा जैसा होता है, जितना होता है, आदमी उतना ही सोचता है उतना ही कहता है। आदिवासी नेता नंदकुमार साय ने एक अहम बैठक में अन्य आदिवासियों नेताओं की मौजूदगी में अपने संबोधन में कहा कि हम दो हमारे दो नीति का सबसे ज्यादा पालन आदिवासी समाज ने किया।इसका खामियाजा समाज को भुगतना पड़ रहा है।बैठक में उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि आदिवासियों की आबादी लगातार घट रही है।यही स्थिति बनी रही तो समाज की सामाजिक,सांस्कृतिक व राजनीतिक ताकत कम हो जाएगी।जनसंख्या संतुलन बनाए रखने के लिए अब हर आदिवासी परिवार को पांच बच्चे पैदा करने चाहिए। साथ ही उन्होंने समाज को यह भी समझाइश दी है कि जनगणना के दौरान धर्मकोड के क़ॉलम में आदिवासी ही लिखाना चाहिए। इसे लेकर आदिवासी समाज में राजनीति तो होनी ही थी और कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा को घेरते हुए कहा है कि नंदकुमार साय भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं।इसलिए उनके पांच बच्चे के बयान पर भाजपा को अपना स्टैंड साफ करना चाहिए।बैज ने साय के आदिवासी समाज को दी गई सलाह को गलत सलाह बताते हुए कहा है कि मैं खुद आदिवासी समाज से हूं लेकिन एक शिक्षित नागरिक होने के नाते मैं कभी आदिवासी समाज को ऐसी सलाह नहीं दूंगा।भाजपा इसे निजी राय बताकर अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती।सीएम साय ने इस मामले में कहा है कि नंद कुमार साय का व्यक्तिगत विचार है।वे एक वरिष्ठ आदिवासी नेता हैं और उन्होंने अपनी बात समाज के सामने सोच समझ कर रखी होगी। नंदकुमार साय आदिवासी समाज की बैठक में एक आदिवासी नेता के रूप मे बोल रहे हैं तो वह राजनीति से जुड़े हुए हैं इसलिए जो राजनीतिक रुप से समाज के हित में है,वही तो बोल रहे हैं।समाज का नेता तो समाज के हित में बोलेगा। यही साय कर रहे हैं। वह जानते हैं कि लोकतंत्र में जिसकी संख्या ज्यादा होती है,उसे हर क्षेत्र में उसके हिसाब से लाभ मिलता है।उनको लगता है कि आदिवासी समाज के लोगों की संख्या बढ़ने से आदिवासियों को राजनीतिक रूप से ज्यादा महत्व मिलेगा, ज्यादा प्रतिनिधित्व मिलेगा। भाजपा छोड़कर कांग्रेस जाने व कांग्रेस से वापस भाजपा में आने से राज्य व समाज में उनकी पूछपरख कम हो गई है फिर भी वह हैं तो आदिवासी नेता। आदिवासियों के हित बात करेंगे तब ही तो आदिवासी नेता बने रहेंगे। नंदकुमार साय यदि कांग्रेस में होते तो शायद आदिवासी नेता दीपक बैज उनकी इस बात के लिए आलोचना नहीं करते कि वह आदिवासियों को पांच बच्चे पैदा करने के लिए कह रहे हैं क्योंकि तब उनको लगता कि नंदकुमार साय सही कह रहे हैं क्योंकि ज्यादा आदिवासी होंगे तो कांग्रेस को ज्यादा वोट देंगे। अब एक तो नंदकुमार कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ गए हैं और संघ, भाजपा नेताओं की तरह आदिवासियों को संख्या बढ़ाने को कह रहे हैं तो दीपक बैज को एक कांग्रेस नेता होने के नाते नंद कुमार साय का बयान गलत को लगना ही है। वहीं आदिवासी नेता सीएम विष्णु देव साय भी हैं लेकिन उन्होंने नंद कुमार साय को गलत नहीं कहा है। उन्होंने कहा है कि नंद कुमार साय ने ऐसा कहा है तो बहुत सोचसमझ कर कहा होगा। सीएम साय जानते हैं कि नंद कुमार साय वरिष्ठ आदिवासी नेता हैं इसलिए उन्होंने उनका सम्मान किया।जबकि राजनीति के चक्कर में बैज भूल गए कि नंद कुमार साय आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता हैं और उनको गलत बताने का प्रयास किया है।

**भारत की जनगणना 2027: बदलते भारत की नई कहानी**

# 'हमारी जनगणना–हमारा विकास' के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ तैयार

**रमेश जायभाये, उपनिदेशक, पत्र सूचना कार्यालय**

क्या आपने कभी सोचा है कि आपके घर की छोटी-सी जानकारी—जैसे पानी, बिजली या परिवार के सदस्यों का विवरण—देश के विकास में कितना बड़ा योगदान दे सकती है? दरअसल, हर नागरिक की दी गई जानकारी मिलकर ही भारत के भविष्य की दिशा तय करती है। इसी कड़ी में वर्ष 2027 की जनगणना एक खास पड़ाव बनने जा रही है। यह केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि बदलते भारत की एक नई कहानी है—एक ऐसी कहानी जिसमें हर नागरिक की भागीदारी है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल अंदाज़ में होगी, जो इसे पहले की सभी जनगणनाओं से अलग और अधिक आधुनिक बनाती है। छत्तीसगढ़ में इस महाअभियान को लेकर तैयारियाँ तेज़ी से पूरी की जा रही हैं। वातावरण ऐसा है मानो कोई बड़ा जनउत्सव आने वाला हो—और वास्तव में, यह एक ऐसा अभियान है जिसमें हर व्यक्ति की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है।

**कहानी शुरू होती है इतिहास से**-भारत में जनगणना की शुरुआत 1872 में हुई थी और 1881 से इसे पूरे देश में व्यवस्थित रूप से लागू किया गया। स्वतंत्रता के बाद 1951 में पहली जनगणना आयोजित हुई, जिसने देश के विकास की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाई। अब वर्ष 2027 की जनगणना इस ऐतिहासिक यात्रा का आधुनिक रूप है। यह न केवल देश की वर्तमान स्थिति का आकलन करेगी, बल्कि भविष्य की योजनाओं की नींव भी तैयार करेगी। छत्तीसगढ़ में यह प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी—पहला चरण अप्रैल-मई 2026 में और दूसरा फरवरी-मार्च 2027 में आयोजित किया जाएगा। राज्य के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 (रात 12 बजे) निर्धारित की गई है, जिसके आधार पर प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी।

**अब आपकी बारी: खुद करें अपनी जनगणना!**- इस बार जनगणना की सबसे रोचक और उपयोगी सुविधा है—स्व-गणना (Self-Enumeration)। अब आप स्वयं अपने घर और परिवार की जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच https://se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर और OTP के माध्यम से लॉगिन कर यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

आपसे परिवार के सदस्यों की संख्या, उनकी आयु, शिक्षा, व्यवसाय और घर की सुविधाओं से जुड़े कुछ सरल प्रश्न पूछे जाएंगे। पूरी जानकारी भरने के बाद आपको एक SE ID प्राप्त होगी। जब प्रगणक आपके घर आएंगे, तो केवल यह ID दिखानी होगी और आपकी जानकारी सत्यापित कर ली जाएगी—यानी बार-बार जानकारी देने की आवश्यकता नहीं होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनगणना के दौरान किसी भी प्रकार के दस्तावेज़ दिखाने की आवश्यकता नहीं होती। आप जो जानकारी देंगे, वही दर्ज की जाएगी। स्व-गणना के प्रति लोगों का रुझान भी तेजी से बढ़ रहा है—देशभर में लाखों परिवार इस सुविधा का उपयोग कर चुके हैं, जो इस डिजिटल पहल की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है।

**स्मार्ट तकनीक, सटीक आंकड़े और भरोसेमंद प्रक्रिया**-इस बार जनगणना पूरी तरह तकनीक के सहारे संचालित होगी। प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा दर्ज करेंगे, जिससे काम तेज़ और अधिक सटीक होगा। साथ ही, आधुनिक GIS आधारित डिजिटल मैपिंग का उपयोग कर हर क्षेत्र और गणना ब्लॉक को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जा रहा है, ताकि कोई भी घर या व्यक्ति छूट न जाए। डेटा के बेहतर प्रबंधन और निगरानी के लिए उन्नत डिजिटल सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित बनी रहती है।

एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में, इस बार जाति संबंधी आंकड़ों का भी समावेश किया जाएगा, जो दशकों बाद समाज की व्यापक तस्वीर प्रस्तुत करेगा। जनगणना में समाज के हर वर्ग को शामिल करने का विशेष ध्यान रखा जाता है। इसी के तहत बेघर व्यक्तियों की गणना भी अलग से, विशेष अभियान के माध्यम से की जाती है, ताकि कोई भी नागरिक इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। और जहाँ तक आपकी जानकारी की सुरक्षा का सवाल है—यह पूरी तरह गोपनीय रहती है। इसे किसी अन्य विभाग या एजेंसी के साथ साझा नहीं किया जाता।

**छत्तीसगढ़ तैयार, अब आपकी भागीदारी जरूरी**-छत्तीसगढ़ में इस अभियान के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियाँ की गई हैं। शहरों से लेकर गाँवों तक, हर क्षेत्र में जनगणना टीम सक्रिय रहेगी, ताकि कोई भी परिवार छूट न जाए। नागरिकों की सुविधा के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1855 भी जारी किया गया है, जहाँ किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता प्राप्त की जा सकती है। लेकिन इस पूरे अभियान की असली ताकत है—आपकी भागीदारी। जब आप सही जानकारी देते हैं, तो आप केवल एक फॉर्म नहीं भरते, बल्कि अपने क्षेत्र के विकास में योगदान देते हैं। आपकी दी गई जानकारी से ही तय होता है कि कहाँ नई सड़क बनेगी, कहाँ स्कूल खुलेगा और कहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत है।

**आखिर में एक छोटी-सी बात**-जनगणना एक आईना है, जिसमें देश खुद को देखता है। इस बार यह आईना डिजिटल है—तेज़, सटीक और आधुनिक। और इसमें जो तस्वीर दिखेगी, उसे बनाने में आपका भी योगदान होगा। तो आइए, इस जनगणना अभियान का हिस्सा बनें—स्व-गणना करें, सही जानकारी दें और देश के विकास की कहानी में अपनी भूमिका निभाएं।

## सू- दोकू क्र.008

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.007 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -008

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**
1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 007 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने कामों को बहुत सावधानी और कुशलता से करेंगे। संतान की ओर से चिंता दूर होगी। आज की गई मेहनत का निकट भविष्य में बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। आपका काम समय से पूरा ना होने के कारण आपको थोड़ी समस्या होगी। आज अपनी कार्य योजनाओं में नए बदलाव करने की सोचेंगे। कारोबार में शुभ समाचार मिलेगा। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने का प्लान बना बनायेंगे। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आपको अपना ध्यान अपने लक्ष्य पर बनाये रखना चाहिए। सेहत के मामले में दिन अच्छा रहेगा।
शुभ रंग- पीला
शुभ अंक- 1

वृष राशिः आज आपका दिन खास रहेगा। सोचे हुए सभी काम पूरे हो जायेंगे। बिजनेस में पैसा लगाना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। विवाहितों के लिए भी आज का दिन बढिया है। कार्यक्षेत्र में आप स्वयं को उर्जावान महसूस करेंगे। शिक्षा से जुड़ी आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी। साथ ही मेडिकल या कॉम्पिटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द ही अपनी मेहनत का फल मिलेगा। इनकम के एक्स्ट्रा सोर्स मिलने से आपका बैंक बैलेंस मजबूत होगा। साथ ही जरूरत पडऩे पर आपको अपने भाई-बहनों से भी मदद अवश्य मिलेगी।
शुभ रंग- मैजेंटा
शुभ अंक- 6

मिथुन राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। किसी तरह की नई प्लानिंग को लेकर आप बड़ा फैसला कर सकते हैं। संतान की ओर से भी आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। दफ्तर में उलझा हुआ मामला सुलझ सकता है। ऑफिस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपको बिजनेस संबंधी नये लोगों से जुडऩे का मौका मिल सकता है राजनीतिक कामों में हाथ आजमा रहे लोगों को आज किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा आ रही थी, तो वह भी आज दूर होगी, जिससे परिवार के सदस्य खुशी से झूम उठेंगे।
शुभ रंग- नीला
शुभ अंक- 5

कर्क राशिः आज किसी काम के लिए आपके मन में नया विचार आएगा। ऑफिस में कार्यभार अधिक होने के कारण आज आप व्यस्त रहेंगे। संतान की नौकरी से संबंधित किसी समस्या को लेकर आप भागदौड़ में लगे रहेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको गिले-शिकवे दूर करने का मौका मिलेगा। कार्य क्षेत्र में आज आपको मनपसंद काम मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। प्रॉपर्टी के लिए आपको अच्छी डील मिल सकती है। पति-पत्नी एक-दूसरे के साथ अच्छा समय बितायेंगे।
शुभ रंग- बैंगनी
शुभ अंक- 7

सिंह राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। वित्तीय मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है। बिजनेस में नई परियोजनाओं को लागू करने से आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी ऑफिस के काम को जल्दबाजी में करने से आपको बचना चाहिए और सहकर्मी के साथ बहस करने से आपको बचना चाहिए। आपको पैसों से जुड़े बड़े फैसले सोच-समझकर लेने चाहिए। इससे आपको काफी फायदा होगा।
शुभ रंग- सफेद
शुभ अंक- 8

कन्या राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति अच्छी रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्तों की मजबूती बरकरार रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे आप पर गर्व महसूस करेंगे। आपको सभी काम में उनका सपोर्ट भी मिलेगा। बेहतर परिणाम के लिए टीचर्स भी आपके साथ खड़े रहेंगे। व्यापार को बढ़ाने के मामले में आपकी मेहनत सफल रहेगी।
शुभ रंग- गुलाबी
शुभ अंक- 6

तुला राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। किस से भी बात करते समय अपना स्वभाव विनम्र रखेंगे , इससे लोग आपसे प्रभावित होंगे। इस राशि के बिल्डर्स को किसी नये प्रोजेक्ट से लाभ हो सकता है। आप थोड़े सोच-विचार में रह सकते हैं और थकान को खुद पर हावी नहीं होने दें। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा कर लेना चाहिए। रूके हुए काम पूरे होंगे साथ ही आपका सामाजिक रुतबा बढ़ेगा। आपको अपनी जीवनशैली में बदलाव करने की और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है।
शुभ रंग- ग्रे
शुभ अंक- 5

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। कठोर परिश्रम से अवश्य ही आप परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में कामयाब होंगे सकते हैं। किसी जरुरी काम में आपको सफलता मिल सकती है। आप अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए जो भी काम करना चाहते है उसमें आपको लाभ की प्राप्ति हो होगी। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज किसी भी स्थिति में घबराने के बजाय उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको हल मिल जायेगा। आज परिवार में चल रही अनबन से आपको छुटकारा मिल जायेगा। आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे और उसको कुछ आवश्यकता की चीजें भी गिफ्ट करेंगे, आपको ख़ुशी होगी। लवमेट के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। साथ में बाहर घूमने का प्लान बना सकते हैं।
शुभ रंग- नीला
शुभ अंक- 8

धनु राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपका बढ़ा हुआ मनोबल आपको किसी जरूरी काम में सफलता दिलायेगा। माता-पिता के सहयोग से कारोबार के क्षेत्र में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे तो आपको समस्या होगी लेकिन आप समय रहते इस को संभाल लेंगे। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में यदि गिरावट चल रही थी, तो वह भी आज दूर होगी। शिक्षा के क्षेत्र में आपको कामयाबी हासिल होगी। आप अपने कार्यों में सफल रहेंगे। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। बास की तारीफ से कार्यस्थल पर आपका मन प्रसन्न रहेगा।
शुभ रंग- हरा
शुभ अंक- 4

मकर राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहिए। यदि आज आप कुछ सामाजिक मामलों में हाथ बढ़ाएंगे, तो आपका मान-सम्मान और रुतबा बढ़ेगा। इस राशि के छात्रों को बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। पढ़ाई के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। बच्चों द्वारा शुभ समाचार मिलने से घर में ख़ुशी का माहौल रहेगा। साथ ही पिछले कुछ समय से चल रही किसी दुविधा का भी समाधान निकलेगा। कार्यस्थल पर उच्च अधिकारी आपकी तारीफ कर सकते हैं, लेकिन आर्थिक रूप से आज आपका दिन उतार-चढ़ाव वाला रहेगा।
शुभ रंग- लाल
शुभ अंक- 2

कुंभ राशिः आज का आपके लिए दिन फेवरेबल रहेगा। साथ ही कारोबार में आपको अच्छा धन लाभ होगा। आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपको काफी फायदा दिलायेगा। आपकी क्रिएटिविटी से लोग प्रभावित होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बेहतर होगी। आपके रिश्तेदार आपका पूरा सहयोग करेंगे। नवविवाहिता लोगों के लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी दिनचर्या और खान-पान को संयमित ही रखें। जीवनसाथी आपकी भावनाओं की कद्र करेंगे।
शुभ रंग- हरा
शुभ अंक- 1

मीन राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज आप माता की पसंद की चीज गिफ्ट करेंगे आपके माता जी को भी खुशी होगी। आपको किसी संपत्ति की खरीदारी करते समय उसके जरूरी कागजातों पर ध्यान अवश्य देना होगा। परिवार में किसी विशेष कार्य को लेकर आपसी वार्तालाप होगा। आपके निर्णय को विशेष प्राथमिकता मिलेगी। किसी अधूरे काम में हाथ लगाने से वह जल्द ही पूरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी के लिए आपको नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर अच्छे तरह से योजना बनाकर तैयारी करेंगे, तो करियर में उन्नति के नये रास्ते खुल सकते हैं।

**यादें**

# सामाजिक न्याय एवं समानता के पुरोधा थे डॉ. अंबेडकर



**ललित गर्ग-**

आधुनिक भारत के निर्माण की जब भी चर्चा होती है, तो डॉ. भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व एक ऐसे विराट स्तंभ के रूप में सामने आता है, जिसने न केवल संविधान की रचना की, बल्कि भारतीय समाज की आत्मा को समता, न्याय और मानवीय गरिमा के मूल्यों से अनुप्राणित किया। डॉ. अंबेडकर एक प्रसिद्ध राजनीतिक नेता, दार्शनिक, लेखक, अर्थशास्त्री, न्यायविद्, बहु-भाषाविद्, धर्म-दर्शन के विद्वान और एक समाज सुधारक थे, जिन्होंने भारत में अस्पृश्यता और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। निश्चित ही वे केवल एक विधिवेत्ता या राजनेता ही नहीं थे, बल्कि एक ऐसे दूरदर्शी चिंतक थे, जिन्होंने भारतीय समाज की गहराई में पैठे जातिगत अन्याय, सामाजिक विषमता और आर्थिक शोषण को समझा और उसके समाधान के लिए ठोस वैचारिक एवं संस्थागत आधार प्रदान किया। आज "नया भारत", "विकसित भारत" और "समृद्ध भारत" की जो अवधारणा हमारे सामने है, उसकी जड़ें अंबेडकर की सोच, नीतियों और संविधान में निहित हैं।

डॉ. अंबेडकर का जीवन स्वयं में एक संघर्षगाथा है। एक अस्पृश्य माने जाने वाले परिवार में जन्म लेकर उन्होंने जो अपमान, भेदभाव और पीड़ा झेली, वही उनके भीतर परिवर्तन का संकल्प बनकर उभरी। उन्होंने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और कोलंबिया विश्वविद्यालय तथा लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि प्रतिभा किसी जाति या वर्ग की मोहताज नहीं होती। उनका यह विश्वास कि "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" केवल एक नारा नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति का सूत्र था। अंबेडकर के चिंतन का मूल आधार "सामाजिक न्याय" था। उनका स्पष्ट मत था कि जब तक समाज में समता स्थापित नहीं होती, तब तक राजनीतिक स्वतंत्रता अधूरी है। वे मानते थे कि केवल आर्थिक विकास से सामाजिक विषमता समाप्त नहीं होगी, बल्कि इसके लिए सामाजिक संरचना में आमूल-चूल परिवर्तन आवश्यक है। इसी दृष्टि से उन्होंने जाति व्यवस्था को भारतीय समाज का सबसे बड़ा शत्रु माना और उसके उन्मूलन के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनकी प्रसिद्ध कृति "जाति का विनाश" में उन्होंने स्पष्ट किया कि जाति केवल सामाजिक विभाजन नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ एक सुनियोजित अन्याय है।

भारतीय संविधान के निर्माण में अंबेडकर की भूमिका उनकी दूरदर्शिता और व्यावहारिक बुद्धिमत्ता का उत्कृष्ट उदाहरण है। संविधान में उन्होंने समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय के सिद्धांतों को इस प्रकार समाहित किया कि यह दस्तावेज न केवल शासन का आधार बना, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी बना। मौलिक अधिकारों, विधि के समक्ष समानता, अस्पृश्यता उन्मूलन (अनुच्छेद 17), आरक्षण व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा के प्रावधान उनके उस दृष्टिकोण को दर्शाते हैं, जिसमें हर नागरिक को समान अवसर और गरिमा के साथ जीने का अधिकार प्राप्त हो। डॉ. अंबेडकर का "संवैधानिक नैतिकता" का सिद्धांत आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। उनका मानना था कि केवल संविधान बना देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके मूल्यों को समाज और शासन दोनों में आत्मसात करना आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि सामाजिक और आर्थिक असमानताएं बनी रहीं, तो राजनीतिक लोकतंत्र भी खतरे में पड़ सकता है। आज जब भारत विविधताओं से भरे समाज के रूप में आगे बढ़ रहा है, तब यह सिद्धांत हमें संतुलन और समन्वय की दिशा दिखाता है।

अंबेडकर केवल सामाजिक सुधारक ही नहीं, बल्कि एक प्रखर आर्थिक चिंतक भी थे। उन्होंने औद्योगीकरण, श्रमिक अधिकारों, जल संसाधन प्रबंधन और वित्तीय विकेंद्रीकरण जैसे विषयों पर गहन विचार प्रस्तुत किए। भारतीय रिजर्व बैंक की अवधारणा से लेकर श्रम कानूनों के निर्माण तक उनके विचारों का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वे मानते थे कि आर्थिक सशक्तिकरण के बिना सामाजिक न्याय अधूरा है, इसलिए उन्होंने दलितों और वंचितों को केवल सामाजिक सम्मान ही नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर भी प्रेरित किया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी अंबेडकर का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति के अधिकार, विवाह और तलाक में समानता दिलाने का प्रयास किया। यद्यपि तत्कालीन परिस्थितियों में इस विधेयक को पूर्ण रूप से पारित नहीं किया जा सका, लेकिन उनके प्रयासों ने भारतीय समाज में लैंगिक समानता की नींव रखी। आज भारतीय महिलाएं जो अधिकार और स्वतंत्रता का अनुभव कर रही हैं, उसमें अंबेडकर की दूरदर्शिता का महत्वपूर्ण योगदान है।

धार्मिक दृष्टि से भी अंबेडकर का चिंतन अत्यंत गहन और मानवीय था। उन्होंने धर्म को आस्था का नहीं, बल्कि नैतिकता और सामाजिक व्यवस्था का विषय माना। 1956 में बौद्ध धर्म स्वीकार कर उन्होंने यह संदेश दिया कि धर्म वह होना चाहिए जो मानव को समानता, करुणा और विवेक की ओर ले जाए। उनका यह कदम केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं था, बल्कि सामाजिक क्रांति का प्रतीक था। समकालीन भारत में अंबेडकर की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। जब हम डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की बात करते हैं, तो यह आवश्यक है कि इन पहलों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। अंबेडकर का "समावेशी विकास" का दृष्टिकोण हमें यही सिखाता है कि विकास तभी सार्थक है, जब उसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी हो। आज भी यदि कहीं सामाजिक भेदभाव, आर्थिक असमानता या अवसरों की विषमता दिखाई देती है, तो यह हमें अंबेडकर के अधूरे सपनों की याद दिलाती है।

निश्चित ही डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक जीवंत विचारधारा हैं। उनका जीवन और कार्य हमें यह सिखाता है कि परिवर्तन केवल सत्ता से नहीं, बल्कि विचार, शिक्षा और संघर्ष से आता है। आधुनिक भारत की जो मजबूत नींव आज हमें दिखाई देती है, वह अंबेडकर के दूरदर्शी नेतृत्व और संवेदनशील चिंतन का परिणाम है। यदि भारत को वास्तव में विकसित, समृद्ध और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनाना है, तो अंबेडकर के आदर्शों को केवल स्मरण करना ही नहीं, बल्कि उन्हें जीवन और नीतियों में उतारना होगा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और यही भारत के उज्ज्वल भविष्य की दिशा भी। भारत में जाति आधारित असमानता अभी भी कायम है, जबकि दलितों ने आरक्षण के माध्यम से एक राजनीतिक पहचान हासिल कर ली है और अपने स्वयं के राजनीतिक दलों का गठन किया है, किंतु सामाजिक आयामों (स्वास्थ्य और शिक्षा) तथा आर्थिक आयामों का अभी भी अभाव है। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और राजनीति के सांप्रदायिकरण का उदय हुआ है। भारत के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर का दृष्टिकोण सर्वांगीण था-इसने हमारे राष्ट्रीय जीवन के हर पहलू को छुआ। कानून में, उन्होंने सुनिश्चित किया कि प्रत्येक नागरिक को संवैधानिक उपचारों का अधिकार मिले; अर्थव्यवस्था में, उन्होंने राज्य-नेतृत्व वाली कल्याणकारी व्यवस्था, भूमि सुधार और अवसरों की समान पहुँच की परिकल्पना की; शिक्षा में, उन्होंने वैज्ञानिक सोच और तर्कपूर्ण चिंतन को बढ़ावा दिया, और प्रसिद्ध रूप से घोषणा की कि "मन का विकास ही मानव अस्तित्व का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए।" सामाजिक सुधार में, उन्होंने इस देश में अब तक का सबसे साहसी नागरिक अधिकार आंदोलन चलाया-मतों के लिए नहीं, बल्कि गरिमा के लिए। बाबासाहेब का हर कार्य प्रत्येक भारतीय के लिए था, समाज के अंतिम व्यक्ति के लिये और उनकी सच्ची महानता यहीं निहित हैः एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना जो अपने सबसे कमजोर लोगों के बारे में पहले सोचता है। अंबेडकर का मानना था कि भेदभाव पर आधारित समाज प्रगति नहीं कर सकता, और अपने देश में समानता सुनिश्चित किए बिना कोई राष्ट्र वैश्विक स्तर पर नेतृत्व नहीं कर सकता। उनकी राजनीतिक और नैतिक दूरदृष्टि तात्कालिकता से कहीं आगे तक फैली हुई थी। उन्होंने ऐसे भारत की कल्पना की थी जो एक दिन केवल अपनी सैन्य शक्ति या अर्थव्यवस्था के बल पर नहीं, बल्कि न्याय और करुणा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बल पर प्रगति करेगा। आज जब भारत वैश्विक मंचों की अध्यक्षता कर रहा है, वैश्विक दक्षिण के लिए आवाज़ उठा रहा है, और स्थिरता, डिजिटल नवाचार और लोकतंत्र जैसे मुद्दों पर नेतृत्व कर रहा है, तो हमें यह याद रखना चाहिए कि यह क्षण उस व्यक्ति के प्रयासों से संभव हुआ है जिसने 75 वर्ष पहले इसकी कल्पना करने का साहस किया

## एक नजर

### नाबालिग से गैंगरेप के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने पुतला दहन किया



**बीजापुर, 14 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय में 13 अप्रैल की शाम को जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर द्वारा भैरमगढ़ में हुए नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप की घटना के विरोध में भाजपा सरकार एवं गृह मंत्री का पुतला दहन किया गया। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि भैरमगढ़ की घटना मानवता को शर्मिंदा करने वाली है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार में अपराधी प्रवृत्ति के लोग सत्ता के अहंकार में लिप्त होकर ऐसे घिनौनी कृत्य को अंजाम दिया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपील किया कि आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किया जाना चाहिए ताकि कोई दुबारा ऐसा हरकत नहीं कर सके। पुतला दहन करने दौरान विधायक विक्रम मंडावी, जिला अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया, बबलू खत्री जी, सोनू पोटाम, पुरुषोत्तम सल्लूर, सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

### 54 किलो गांजा के साथ 6 आरोपित गिरफ्तार



**जगदलपुर, 14 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले की बोधघाट पुलिस ने 54 किलो गांजा के साथ 6 आरोपियों राजस्थान के धौलपुर निवासी बबलू कुशवाहा 32 वर्ष, श्रीनिवास 26 वर्ष, देशराज कुशवाहा 30 वर्ष और उत्तरप्रदेश के आगरा निवासी पंकज उपरेती 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपी गांजा को राजस्थान ले जाने के की तैयारी में थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 54 किलो गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 26.97 लाख रुपए आंकी गई है। इसके अलावा 6 मोबाइल फोन और 2,500 रुपए नगद भी जब्त किए गए। इसके बाद सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (क) के तहत मामला दर्ज कर आज मंगलवार को थाना बोधघाट मे कार्यवाही उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश करने रवाना किया गया। बोधघाट पुलिस को मुखबिर से सूचना पर बोधघाट थाना प्रभारी तामेश्वर चौहान के नेतृत्व में गठित टीम ने गोयल धर्मशाला में दबिश दी। पुलिस ने जैसे ही कमरे में दबिश दी, सभी आरोपी एकाएक हुई कार्रवाई से घबरा गए, कमरे की तलाशी की में पुलिस को 54 किलो गांजा बरामद हुआ। इस बीच पता चला कि राजस्थान से सोमवार की सुबह ही चार युवक आकर गोयल धर्मशाला के कमरा नम्बर 9 में ठहरे हुए हैं। वहीं, उनसे मिलने सुकमा से दो युवक भी पहुंचे हुए थे, जिनके पास चार अलग-अलग बैग्स में गांजा भरा हुआ था। सुकमा से आये युवकों ने राजस्थान के युवकों को गांजा मुहैया करवाया और राजस्थान के युवक गांजा लेकर वापस लौटने गाड़ी की व्यवस्था कर रहे थे।

### सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक करने के निर्देश

**कांकेर 14 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक आयोजित करने के लिए निर्देशित किया है। जिले में मोबाईल टॉवर की स्थापना कार्य को प्राथमिकता से लेने के निर्देश भी दिए हैं। बताया गया कि जिले में 60 से अधिक मोबाईल टॉवर स्थापना का वर्क आर्डर जारी किया जा चुका है। सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि 2026-27 की कार्ययोजना बनाई जाए, ताकि योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सके। जनगणना कार्य को गंभीरता से लेने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना के लिए जिले में प्रशिक्षण शुरू हो चुका है, अच्छा से प्रशिक्षण प्राप्त कर त्रुटिरहित कार्य करें। मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायत के अलावा अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों की निराकरण की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर आयोजित सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 14 अप्रैल।** नारी शक्ति बंधन अधिनियम पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दंतेवाड़ा बीजेपी कार्यालय में बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में सुना गया। इस अवसर पर भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, महिला मोर्चा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बंधु एवं भगिनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने संबोधन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम बताते हुए कहा कि यह कानून देश की माताओं-बहनों को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से शासन व्यवस्था अधिक संवेदनशील, समावेशी और प्रभावी बनेगी। प्रधानमंत्री जी ने यह भी उल्लेख किया कि भाजपा सरकार ने सदैव महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री संतोष गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच और महिला सशक्तिकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम आने वाले समय में देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को नई दिशा देगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। श्री गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं और महिलाओं को अधिक से अधिक राजनीतिक भागीदारी के लिए प्रेरित करें।

भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता ने कहा कि यह अधिनियम देश की महिलाओं के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला है। उन्होंने प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है और यह कदम उसी दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सभी महिला कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे समाज के हर वर्ग तक इस संदेश को पहुंचाकर महिलाओं को सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वन्देमातरम के उद्घोष के साथ इस ऐतिहासिक पहल का स्वागत किया।

# अक्षय ऊर्जा कर्मियों के सामने आजीविका का संकट





**कांकेर 14 अप्रैल।** कांकेर विधानसभा क्षेत्र में अक्षय ऊर्जा से जुड़े सैकड़ों संविदा कर्मियों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) विभाग में वर्षों से कार्यरत सेवा इकाई क्लस्टर टेक्नीशियनों ने अपनी मांगों को लेकर विधायक आसाराम नेताम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने अपनी सेवा बहाली की मांग करते हुए वर्तमान परिस्थितियों को बेहद चिंताजनक बताया है।

**12 वर्षों से दे रहे थे निरंतर सेवाएं:** ज्ञापन के अनुसार, लगभग 560 सेवा इकाई क्लस्टर टेक्नीशियन पिछले 12 वर्षों से क्रेडा विभाग में संविदा के आधार पर कार्यरत थे। ये कर्मचारी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुबंध नियमों के तहत लगातार अपनी सेवाएं दे रहे थे। इतने लंबे समय तक निरंतर कार्य करने के बावजूद अब अचानक उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं, जिससे उनमें असंतोष और चिंता दोनों बढ़ गई है।

**सौर परियोजनाओं में निभाई अहम भूमिका :** इन टेक्नीशियनों ने राज्य में संचालित कई महत्वपूर्ण सौर ऊर्जा परियोजनाओं में अपनी अहम भूमिका निभाई है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत सोलर पंप, सोलर ड्यूल पंप, सोलर पावर प्लांट, सोलर हाई मस्ट, सोलर होम लाइट और सौर सुजला योजना जैसी परियोजनाओं के संचालन, रखरखाव और मॉनिटरिंग का जिम्मा इन्हीं के कंधों पर था। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ इन योजनाओं को सफल बनाने में योगदान दिया।

**1 अप्रैल 2026 से बंद हुआ कार्य :** कर्मचारियों ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से फंड की कमी और नई कार्ययोजना के कारण अचानक उनका कार्य बंद कर दिया गया। इस फैसले से न केवल उनकी आजीविका प्रभावित हुई है, बल्कि उनके परिवारों के सामने भी आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। लंबे समय तक सेवा देने के बाद इस तरह अचानक कार्य बंद होना उनके लिए बेहद कठिन स्थिति पैदा कर रहा है।

**विधायक से की पुनः बहाली की मांग :** प्रभावित कर्मचारियों ने विधायक आसाराम नेताम से आग्रह किया है कि उनकी स्थिति को गंभीरता से समझते हुए उन्हें जल्द से जल्द पुनः कार्य पर रखा जाए। उनका कहना है कि यदि शासन, प्रशासन और विभाग द्वारा इस मामले में उचित निर्णय नहीं लिया गया, तो वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए वैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को मजबूर होंगे। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी परिस्थिति की जिम्मेदारी शासन और संबंधित विभाग की होगी।

# खेती की उत्पादकता बढ़ाएं किसान : अटामी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 14 अप्रैल ।** विधायक चैतराम अटामी रविवार को ग्राम पंचायत चंदेनार के किसानों के बीच पहुंचे और उनसे आत्मीय चर्चा की। सिंचाई सुविधाओं और अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी भी ली। अपने बीच क्षेत्रीय विधायक को पाकर किसान काफी खुश हुए। किसानों को कृषि कार्य में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने 09 कृषकों को सिंचाई पंप वितरित किए। आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, जिससे खेती की उत्पादकता बढ़ेगी और कृषकों की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि को मजबूती मिलेगी और किसान आत्मनिर्भर बन सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सिंचाई पंप मिलने से किसानों को समय पर सिंचाई करने में सुविधा होगी और फसलों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा। इससे क्षेत्र में कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष भाजपा मुकेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती तिलेश्वरी नागेश, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रमेश गावड़े, भाजपा नेता कुलदीप ठाकुर, मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, मंडल महामंत्री मोहन ठाकुर, चंदेनार सरपंच श्रीमती सुमित्रा नाग सहित कृषकगण व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य सभी विभागों की जिम्मेदारी: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा.14 अप्रैल।** दंतेवाड़ा वनमंडल अंतर्गत तेंदूपत्ता सीजन 2026 के सफल संचालन हेतु नीलाम हॉल, काष्ठागार डिपो दंतेवाड़ा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

कार्यशाला में कलेक्टर दंतेवाड़ा श्री देवेश कुमार ध्रुव, एसपी श्री गौरव राय एवं डीएफओ श्री रंगनाधा राधाकृष्णा वाय उपस्थित रहे। इसके साथ ही एसडीओ गीदम, एसडीओ दंतेवाड़ा तथा गीदम, दंतेवाड़ा, बचेली एवं बारसूर रेंज के रेंजर, प्रबंधक, फड़मुंशी एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य केवल वन विभाग का नहीं, बल्कि सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले के सभी फड़ों में लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण सुनिश्चित करें, जिससे ग्रामीण परिवारों को अधिक लाभ मिल सके।

**दंतेवाड़ा नक्सल मुक्त, अब विकास को मिलेगी गति: एसपी :** एसपी श्री गौरव राय ने कहा कि दंतेवाड़ा अब पूर्ण रूप से नक्सल मुक्त हो चुका है। अब अंदरूनी गांवों तक शासन की सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता है, जिससे जिले का विकास तीव्र गति से हो सके। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में पुलिस विभाग हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है।

**चुनाव ड्यूटी की तरह मिलकर करें कार्य : डीएफओ :** डीएफओ श्री रंगनाधा राधाकृष्णा वाय ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य को सभी को चुनाव ड्यूटी की तरह गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ मिलकर करना होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की। कार्यशाला में तेंदूपत्ता संग्रहण, उपचारण एवं बोरा भर्ती से संबंधित प्रक्रियाओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

### मुख्यमंत्री ने सुकमा से किया स्वस्थ बस्तर अभियान का शुभारंभ

**कांकेर, 14 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज सुकमा में आयोजित कार्यक्रम से मुख्यमंत्री स्वस्थ्य बस्तर अभियान का शुभारंभ किया, इस अभियान के तहत घर-घर स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से सभी आयु वर्गों में संचारी एवं गैर संचारी रोगो, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी रोगों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार एवं रेफरल सेवों से जोड़ा जाएगा। बस्तर संभाग के सभी जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वस्थ्य बस्तर अभियान के शुभारंभ अवसर पर वर्चुअल माध्यम से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कार्यक्रम से जुड़े थे। कांकेर विकासखण्ड के ग्राम बेवरती में आयोजित इस आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांकेर विधानसभा के विधायक श्री आशाराम नेताम कहा कि बस्तर संभाग के सभी जिलों में 13 अप्रैल से 12 मई तक एक माह का विशेष स्वास्थ्य अभियान संचालित किया जाएगा।

## महतारी वंदन योजना के केवायसी में अवैध वसूली,सीएसी सेंटरों पर उठते सवाल




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा 14 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सरकार की महात्वाकांक्षी एवं जलकल्याणकारी योजनाओं में से एक योजना महतारी वंदन योजना महिलाओं के बीच इन दिनों विशेष रूप से चर्चा में है। क्योंकि उक्त योजना में पात्र हितग्राहियों का शासन द्वारा केवाईसी करवाया जा रहा है जो कि पूर्ण रूप से निःशुल्क है। छत्तीसगढ सरकार द्वारा संचातिल महतारी वंदन योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की महिलाओं के स्वावलम्बन एवं उनके आश्रित बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार करना, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना एवं परिवार स्तर पर निर्णय लिये जाने में महिलाओं की भूमिका को प्रोत्साहित करना है। इसलिए इस योजना में हितग्राहियों की केवाईसी प्रक्रिया को पूर्णतः निःशुल्क रखा गया ताकि महिला हितग्राहियों को किसी प्रकार का आर्थिक भार न पडें। लेकिन इस योजना के अंतर्गत किये जा रहे केवाईसी प्रक्रिया को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही है। हितग्राहियों से मिल रही शिकायतों के अनुसार केवाईसी प्रक्रिया के लिए सीएससी सेंटर के संचालकों के द्वारा हितग्राहियों से केवाईसी के नाम पर अवैध रूप से पैसे लिये जा रहे है जो कि शासन की ओर से पूर्णतः निःशुल्क प्रकिया है। इसके बावजूद सीएससी सेंटर के संचालको के द्वारा कभी इंटरनेट की समस्या तो कभी सर्वर धीमें चलने की बात कहते हुए हितग्राहियों से 50 से 100 रू. तक की राशि वसूल किये जाने की शिकायते आ रही है वही जानकारी के अभाव में हितग्राहियों को मजबूरी में यह राशि देने विवश होना पड रहा है। हितग्राहियों का कहना है कि सीएससी संचालको के द्वारा सर्विस चार्ज के नाम पैसा लिया जाता है और यदि पैसा नही देते है तो संचालकों के द्वारा केवाईसी करने में अनावश्यक देरी की जाती है जिससे परेशान होकर भी महिला हितग्राहियों को पैसा देने के लिए मजबूर होना पडता है। लोगो का कहना है कि इस तरह की अवैध वसूली से न केवल सरकार की छवि धूमिल होती है बल्कि शासकीय योजना का वास्तविक उद्देश्य भी प्रभावित होता है। इसलिए आवश्यक है कि प्रशासन इस पर निगरानी रखे और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करें।

## धर्म स्वतंत्र विधेयक 2026 पर हिंदू जागरण मंच ने जताया आभार, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 14 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर पारित धर्म स्वतंत्र विधेयक 2026 के समर्थन में हिंदू जागरण मंच, दंतेवाड़ा जिला इकाई ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह विधेयक प्रदेश में अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है। उनके अनुसार, इससे समाज में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा दबाव, लालच या प्रलोभन के माध्यम से किए जाने वाले धर्म परिवर्तन पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

हिंदू जागरण मंच के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर देवेश ध्रुव से सौजन्य मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कलेक्टर ने संगठन के सदस्यों को आश्वस्त किया कि जल्द ही इस विषय पर विस्तृत चर्चा के लिए बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले में धर्मांतरण से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रांत टोली के प्रचार आयाम से चंद्रकांत सिंह क्षत्रिय,जिला संयोजक डोमन लाल सिन्हा के नेतृत्व में संगठन के विभिन्न आयामों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह विधेयक सामाजिक समरसता बनाए रखने और सभी धर्मों के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा। संगठन ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी समाजहित में ऐसे निर्णय लेने की अपेक्षा जताई।

## शिक्षा में नवाचार की पहल, विद्यार्थियों का कराया गया एयरपोर्ट भ्रमण

**कांकेर 14 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में शासकीय पीएम श्री विद्यालय नरहरपुर एवं नरहरदेव के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, यह पहल विद्यार्थियों को पारंपरिक कक्षा शिक्षण से आगे बढ़ाकर व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत विद्यार्थियों ने जगदलपुर एयरपोर्ट का भ्रमण कर विमानन क्षेत्र की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवहारिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे अपने भविष्य के प्रति सजग और सक्षम बन सकें। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब बच्चे विभिन्न क्षेत्रों को प्रत्यक्ष रूप से देखते और समझते हैं, तो उनमें सीखने की जिज्ञासा और आत्मविश्वास दोनों बढ़ते हैं।

### नगर पालिका के स्वच्छता अभियान को कोई मतलब नहीं रह जाता

# सब्जी मार्केट में सड़ी-गली सब्जियां एवं प्लास्टिक फेंकने से फैल रही गंदगी

■ सब्जियों को खाने जानवरों का लगता है जमघट, पशुओं में होती है लड़ाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 14 अप्रैल।** नगर पालिका द्वारा चलाए जाने वाले स्वच्छता अभियान की हवा स्वयं नपा सब्जी मार्केट के व्यापारी की निकाल रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन की नाकामी और सब्जी विक्रेताओं की लापरवाही का ही नतीजा है कि सब्जी मार्केट परिसर में गंदगी बिखेरा जा रहा है। नपा द्वारा नवनिर्मित दंतेश्वरी सब्जी मार्केट का शुभारंभ हुए अभी पखवाड़ा भी नहीं बीता होगा कि यहां सब्जी मार्केट परिसर में बेतहाशा गंदगी होना शुरू हो गया है। सब्जी बेचने वाले थोक विक्रेता एवं ग्रामीण अंचलों से आए पसरा लगाने वाले व्यापारी सुबह से शाम तक यहां बैठकर सब्जी बेचते हैं। शाम में व्यापार बंद कर घर जाते वक्त बचा खुचा खराब एवं सड़ी गली सब्जियों, प्लाटिक इत्यादि को परिसर के आसपास ही फेंक जाते हैं जिसे खाने शाम के वक्त पशुओं का जमघट लगता है। पशु आपस में लड़ते भिड़ते हैं जिससे आमजनों की वाहनों को नुकसान होता है। सड़े गले पदार्थ एवं प्लास्टिक खाकर पशुओं के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। गौवंश बीमार हो रहे हैं। नगर पालिका ने सब्जी मार्केट बनाकर व्यापारियों को एक जगह बैठकर सब्जी बेचने की व्यवस्था तो कर दी मगर व्यापारियों के लिए परिसर में सफाई बनाए रखने के लिए कोई गाइडलाइन नहीं बनाया नतीजतन सब्जी बाजार परिसर अब गंदगी का अड्डा बनता जा रहा है। सब्जी व्यापारी जिस जगह पर बैठकर व्यापार करते हैं उसी स्थल पर गंदगी बिखेरकर चले जाते हैं जिससे आसपास के दुकानदार भी खासे परेशान हैं। परिसर में सड़ी गली सब्जियों को खाने के लिए जानवरों की झुण्ड टूट पड़ती है और आए दिन जानवर यहां आपस में लड़ते हैं जिससे आम लोगों को खासी परेशानी होती है। बता दें कि सब्जी मार्केट हो या कोई भी सार्वजनिक स्थल के आसपास कूडा-कचरा या सड़ी गली सब्जी फेंकना नगर पालिका निगम या स्थानीय प्रशासन के नियमों का उल्लंघन है। खुले में या नालियों में कूडा कचरा फेंकना भी गैर कानुनी कृत्य है। ऐसा करते पाए जाने पर संबंधित से जुर्माना वसूला जा सकता है। नगर पालिका प्रशासन को चाहिए कि वे सब्जी मार्केट परिसर के आसपास कचरा या सड़ी गली सब्जी फेंकने पर रोक लगाए ऐसा करने वाले व्यापारियों को चिन्हित कर उस पर जुर्माना ठोके। सब्जी मार्केट परिसर में सीसी कैमरा लगवाए ताकि गंदगी फेंकने वालों को चिन्हित किया जा सके। फिर भी नहीं मानने वालों पर जुर्माने के साथ साथ सामान जब्ती जैसी सख्त वैधानिक कार्यवाई करे ताकि नगर को गंदगी से बचाया जा सके।

# किडनी बीमारी की खबर के बाद कलेक्टर ने किया पथर्री का दौरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 14 अप्रैल ।** फिगेंश्वर विकासखण्ड के ग्राम पथर्री में किडनी संबंधी बीमारियों के मीडिया में खबर प्रकाशन होने के उपरांत ग्रामीणों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल कलेक्टर श्री बीएस उइके ने आज स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ गांव का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की स्वास्थ्य जांच किया गया।

कलेक्टर श्री उइके ने ग्रामीणों से कहा कि वे अनावश्यक अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराएं नहीं। उन्होंने कहा कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि वर्तमान में स्थिति सामान्य है तथा



प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान एसडीएम राजिम श्री विशाल महाराणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएस नवरत्न, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अधिकारी श्री विप्लव घृतलहरे सहित अन्य अधिकारी, चिकित्सक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने गांव के विभिन्न शासकीय पेयजल एवं घरों के निजी बोर के पेयजल स्रोतो के पानी के नमूने एकत्रित किया गया। जिसे त्वरित फिल्ड टेस्ट किट के माध्यम से फ्लोराइड की मात्रा जांच की गई। प्रारंभिक जांच में पानी में फ्लोराइड की मात्रा मानक के अनुकूल पाई गई। इसके अलावा पेयजल गुणवत्ता जांच के लिए उपखंड, खंड तथा राज्य स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला में पेयजल के नमूनों की जांच और गहन तरीके से कराया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संदेहास्पद किडनी के मरीजों के घर-घर जाकर उनके मेडिकल रिपार्ट का परीक्षण किया गया। जिसमें 04 लोगो का रिपोर्ट किडनी से ग्रसित नही मिला। इसी तरह एक मरीज जिन्हें अनियंत्रित उच्च रक्तचाप होने के कारण उनका किडनी खराब है। जिसके लिए वह महासमुंद जिला चिकित्सालय से डायलिसिस करा रहा है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के टीम ने प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया। जिसमें किसी भी बच्चे में फ्लोराइड युक्त पानी पीने का लक्षण नहीं मिला। स्वास्थ्य विभाग ने बीमारी के अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है। ताकि ग्रामीणों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



## 35.200 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़, 14 अप्रैल ।** कलेक्टर के निर्देश एवं सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी वृत्त खरसिया और रायगढ़ उत्तर की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 35.200 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। विभाग को मिली शिकायत के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जब्त शराब की कुल कीमत 7040 रुपये आंकी गई है।

## एक नजर

### लू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

**रायगढ़, 14 अप्रैल।** जिले में बढ़ती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन को सतर्क रहने की सलाह दी है। कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने लू के लक्षण, बचाव और प्राथमिक उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी जारी करते हुए नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में लू का प्रभाव गंभीर हो सकता है, इसलिए सभी लोग आवश्यक एहतियात अपनाएं। घर से बाहर निकलने से पहले पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्के, सूती एवं ढीले कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय सिर को ढंककर रखें तथा छतरी, टोपी या कपड़े का उपयोग करें। साथ ही शरीर में पानी की कमी न होने दें और नियमित रूप से पानी, छाछ, ओआरएस घोल, लस्सी, नींबू पानी और आम का पना जैसे पेय पदार्थों का सेवन करते रहें।

**लू के लक्षण पहचानें, तुरंत करें प्राथमिक उपचार और लें चिकित्सकीय सलाह-** स्वास्थ्य विभाग ने लू के प्रमुख लक्षणों में सिरदर्द, तेज बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना, बेहोशी, कमजोरी, शरीर में ऐंठन और नब्ज का असामान्य होना बताया है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत सतर्क हो जाना जरूरी है। विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि प्रभावित व्यक्ति को तुरंत छायादार स्थान पर लिटाएं, उसके कपड़े ढीले करें और ठंडे पानी की पट्टियां रखें, ताकि शरीर का तापमान कम किया जा सके। साथ ही उसे तरल पदार्थ जैसे पानी, ओआरएस घोल या कच्चे आम का पना पिलाएं। उन्होंने यह भी कहा कि धूप में खाली पेट न निकलें, ज्यादा मिर्च-मसाले या बासी भोजन से परहेज करें और कूलर या एसी से निकलकर अचानक तेज धूप में जाने से बचें। यदि स्थिति गंभीर हो तो प्रभावित व्यक्ति को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर चिकित्सकीय परामर्श लेना आवश्यक है।

### डूबान क्षेत्र की उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हुईं सम्मानित

**धमतरी 14 अप्रैल ।** लोकसभा क्षेत्र महासमुंद की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी एवं सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर श्री भोजराज नाग ने आज कलेक्टोरेट की सभाकक्ष में धमतरी जिले के डूबान क्षेत्र मोंगरागहन ग्राम पंचायत के उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें ग्राम उरपुटी की सुश्री अमृता मंडावी, श्रीमती पद्मिनी साहू अकलाडोंगरी, श्रीमती वृंदावी मंडावी मालगांव, श्रीमती सतन मरकाम कोलियारी और श्रीमती रूखसाना बेगम राजपुर को सम्मानित किया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपनी शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना कीं।इस अवसर पर विधायक धमतरी श्री ओंकार साहू, विधायक सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम, कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों ने सांसदद्वय एवं कलेक्टर से की सौजन्य भेंट

**धमतरी, 14 अप्रैल।** जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा युवाओं को नवीन खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हाल ही में पहली बार जिला स्तरीय बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता गंगरेल स्थित वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संपन्न हुई, जिसमें जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए खिलाड़ियों एवं टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा सांसद द्वय श्रीमती रूपकुमारी चौधरी एवं श्री भोजराज नाग तथा विधायक धमतरी श्री ओंकार साहू एवं सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम से सौजन्य भेंट की ।

# महतारी वंदन योजना की राशि से बेटी के भविष्य को संवार रहीं पूर्णिमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 14 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में संचालित महतारी वंदन योजना राज्य की महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ भविष्य के लिए बचत भी कर पा रही हैं।



हाल ही में योजना की 26वीं किश्त के रूप में प्रदेश की 68 लाख 48 हजार 899 महिलाओं के बैंक खातों में 641 करोड़ 62 लाख 92 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई। किश्त जारी होते ही हितग्राही महिलाओं के मोबाइल पर सूचना पहुंची और उनके चेहरों पर खुशी देखने को मिली। जिले में भी लगभग 3 लाख महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। विकासखण्ड खरसिया के ग्राम मदनपुर की पूर्णिमा धर्मा इस योजना का सार्थक उपयोग कर रही हैं। उन्हें मिलने वाली सहायता राशि से वे अपनी बेटी कृति धर्मा के नाम संचालित सुकन्या समृद्धि योजना में नियमित निवेश कर रही हैं। पूर्णिमा के अनुसार, यह योजना उनकी बेटी के सुरक्षित भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।इसी प्रकार खरसिया क्षेत्र की श्रीमती अश्वनी भी इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। उनके अनुसार, योजना से प्राप्त राशि उनके दैनिक जीवन में आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। अब उन्हें छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता और वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। योजना के अंतर्गत हितग्राही महिलाओं को निरंतर लाभ मिल सके, इसके लिए ई-केवाईसी अद्यतन का कार्य भी किया जा रहा है। यह प्रक्रिया 3 अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 जून तक जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत भवन एवं शहरी क्षेत्रों में वार्ड कार्यालयों के माध्यम से ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी हितग्राही महिलाओं से अपील की गई है कि वे समय पर अपना ई-केवाईसी पूर्ण कराएं।

# वित्त मंत्री चौधरी ने पुसौर में लाइब्रेरी, पुष्पवाटिका एवं तालाब सौंदर्यीकरण कार्यों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 14 अप्रैल।** प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने पुसौर में निर्माणाधीन लाइब्रेरी भवन, पुष्पवाटिका उद्यान, चंदन तालाब सहित अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नगर पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान



क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आमजन को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। बैठक में उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी के संयुक्त प्रयासों से ही क्षेत्र का समग्र एवं संतुलित विकास संभव है। साथ ही उन्होंने पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों से सकारात्मक सहयोग प्रदान करने तथा विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की।

बता दें कि नगर पंचायत पुसौर में पुष्पवाटिका उद्यान निर्माण हेतु लगभग 2 करोड़ 92 लाख 40 हजार रुपये, बोरोडीपा चौक से कॉलेज तक बी.टी. रोड एवं नाली निर्माण के लिए 4 करोड़ 8 लाख रुपये, चंदन तालाब के सौंदर्यकरण के लिए 2 करोड़ 10 लाख 40 हजार रुपये तथा लाइब्रेरी भवन निर्माण के लिए लगभग 99.12 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त तेलीतार तालाब के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य भी प्रगति पर है, जिससे क्षेत्र की सौंदर्य वृद्धि के साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री मानी मोहित सतपथी, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, एसडीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं नगर पंचायत पुसौर के जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# पोषण पखवाड़े में महिला,शिशु पोषण के लिए किया जा रहा जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 14 अप्रैल।** शासन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 9 से 23 अप्रैल 2026 तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मातृत्व एवं शिशु पोषण को सुदृढ़ बनाना तथा समुदाय को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है।

महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत शून्य से 3 वर्ष तक के बच्चों के समुचित विकास के लिए प्रारंभिक उत्प्रेरण गतिविधियों पर जोर दिया जा रहा है, वहीं 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही स्क्रीन टाइम कम करने तथा बच्चों के समग्र विकास में पालकों एवं समुदाय की भूमिका को सशक्त बनाने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। पखवाड़ा के दौरान जिला, विकासखंड, नगरीय



निकाय, ग्राम पंचायत एवं आंगनबाड़ी स्तर पर प्रतिदिन निर्धारित कैलेंडर के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों की प्रविष्टि जन आंदोलन डैशबोर्ड पोर्टल पर भी की जा रही है।पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत गर्भवती माताओं के लिए परामर्श सत्र, संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर चर्चा, पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, स्तनपान संबंधी जागरूकता कार्यक्रम तथा जंक फूड के दुष्प्रभावों पर संवाद आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही आयरन-फोलिक एसिड सेवन, गर्भावस्था में देखभाल एवं पोषण संबंधी विषयों पर भी जानकारी दी जा रही है। दादी-नानी की जुबानी पोषण कहानी÷, पोषण रैली, सुपोषण चौपाल, सामूहिक अन्नप्राशन कार्यक्रम, ग्राम स्तरीय खेलकूद मेला एवं बच्चों द्वारा तैयार शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों में लर्निंग कॉर्नर की जानकारी दी जा रही है तथा बच्चों के लिए खेल आधारित गतिविधियों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

पोषण पखवाड़ा के दौरान दादा-दादी, नानी दिवस का आयोजन कर परिवार को बच्चों के साथ फैमिली प्ले टाइम बिताने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पालक सत्रों में स्क्रीन टाइम के दुष्प्रभावों एवं खेल आधारित शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। इसके अलावा, आंगनबाड़ी केंद्रों में आधार पंजीयन शिविर, ग्राम सभाओं में पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा पर चर्चा, तथा जनप्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक कर आंगनबाड़ी सेवाओं की जानकारी साझा की जा रही है।

**घर-घर पहुंचकर दी जा रही सेवाएं**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों द्वारा गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं एवं कुपोषित बच्चों के घर-घर जाकर विशेष देखभाल एवं परामर्श प्रदान किया जा रहा है। 6 माह से अधिक आयु के बच्चों को ऊपरी आहार के संबंध में भी जागरूक किया जा रहा है।

पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों एवं हितग्राहियों के घरों में पोषण वाटिका विकसित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसमें मुनगा, पपीता एवं मौसमी सब्जियों जैसे पौष्टिक फलदार एवं सब्जी पौधों का रोपण किया जा रहा है।

पखवाड़ा के दौरान सक्रिय भागीदारी निभाने वाले समुदाय के सदस्यों एवं बच्चों को सम्मानित किया जाएगा तथा समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इस प्रकार, पोषण पखवाड़ा के माध्यम से जिले में जन-जन तक पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता का व्यापक प्रसार किया जा रहा है।

### दुर्घटना में मृत लोगों के वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़, 14 अप्रैल।** अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की आकस्मिक मृत्यु होने के फलस्वरूप प्रशासन द्वारा मृतकों के निकटतम वारिसानों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रायगढ़ द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रकरणों की जांच एवं तहसीलदार की अनुशंसा के उपरांत पात्रता के आधार पर प्रत्येक मृतक के परिजन को 25-25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि प्रदान की गई है। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील रायगढ़ अंतर्गत 21 मई 2025 को सड़क दुर्घटना में ग्राम-पटेलपाली निवासी पंकज महंत एवं 18 दिसम्बर 2025 को ग्राम-पुटकापुरी निवासी श्रीमती सेवती महंत की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी।

# रायगढ़ में फर्जी मैट्रिमोनियल साइट के नाम पर साइबर ठगी का बड़ा खुलासा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 14 अप्रैल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को प्राप्त सूचना पर रायगढ़ पुलिस द्वारा फर्जी मैट्रिमोनियल साइट के माध्यम से लोगों से ठगी करने वाले संगठित गिरोह का खुलासा किया गया है। सूचना के आधार पर एडिशनल एसपी अनिल सोनी, नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा, थाना साइबर प्रभारी निरीक्षक विजय चेलक तथा थाना साइबर एवं महिला थाना की संयुक्त टीम द्वारा दरोगापारा स्थित निधि परिवहन केंद्र में रेड कार्रवाई की गई। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि केंद्र संचालक कपिल गर्ग द्वारा पूर्व में लोक सेवा केंद्र के माध्यम से आरटीओ संबंधी कार्य किया जाता था, किंतु उसकी आईडी एक माह पूर्व निरस्त हो चुकी थी। कार्यालय में फर्जी मैट्रिमोनियल प्लेटफॉर्म संचालित किया जा रहा था, जहां इंडिया मैट्रिमोनी नाम से ऑनलाइन विवाह प्रस्तावों के नाम पर लोगों को जाल में फंसाया जाता था।





प्रारंभिक जांच में पाया गया कि कपिल गर्ग और उनकी टीम जिसमें दर्जनों युवतियां शामिल है, ये युवतियां फर्जी जीमेल आईडी एवं अपने मोबाइल नंबरों का उपयोग कर यूट्यूब चैनल बनाई हुई थी, जिनमें फेक प्रोफाइल के वीडियो एवं फोटो अपलोड कर अपना संपर्क नंबर साझा किए जाते थे। संपर्क करने वाले व्यक्तियों से पहले उनका बायोडाटा लिया जाता था, इसके बाद रजिस्ट्रेशन फीस यूपीआई के माध्यम से वसूला जाता था। आगे पसंद की गई प्रोफाइल से बातचीत कराने के नाम पर मीटिंग आईडी जनरेट करने हेतु पुनः यूपीआई से फीस ली जाती थी और व्हाट्सएप के माध्यम से क्यूआर कोड भेजकर भुगतान कराया जाता था।आरोपियों द्वारा इस प्रकार लगातार विभिन्न बहानों से रकम वसूली कर अंततः यह कहकर संपर्क समाप्त कर दिया जाता था कि संबंधित युवती को रिश्ता पसंद नहीं है, और फिर नए शिकार की तलाश की जाती थी।संदेही कपिल गर्ग से मिली जानकारी के आधार पर दरोगापारा स्थित श्रीमती शांति देवी सोसायटी ऑफ एजुकेशन केंद्र पर भी पुलिस द्वारा दबिश दी गई, जहां की संचालिका हिमांशु मेहर ने बताया कि वह पिछले 3 साल से कपिल गर्ग से जुड़ी हुई है, उसके कहने पर उसके आफिस से भी लड़कियां इसी प्रकार यूट्यूब के माध्यम से लोगों से संपर्क करती थी । संदेही कपिल गर्ग के निधि परिवहन केन्द्र की जांच के दौरान लैपटॉप में फोटोशॉप सॉफ्टवेयर के जरिए दस्तावेजों में छेड़छाड़ के प्रमाण मिले तथा कार्यालय से विभिन्न शासकीय विभागों के सील-मुहर भी बरामद किए गए हैं। दोनों आफिस के संचालकों और युवतियों से पूछताछ कर मामले में जांच जारी रही है ।

**एसएसपी शशि मोहन सिंह ने की जनता से अपील**

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से होने वाली ठगी पर रायगढ़ पुलिस की सतत नजर है। आमजन ऐसे किसी भी संदिग्ध मैट्रिमोनियल या सोशल मीडिया प्रोफाइल से सावधान रहें और ठगी की सूचना तत्काल पुलिस को दें। दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# गांव चलो-घर चलो अभियान में जिपं अध्यक्ष ने ग्रामीणों से संवाद किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सारंगढ़,14 अप्रैल।** जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम अमलीपाली में गांव-घर चलो अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष Sanjay Bhusan Pandey ने सघन जनसंपर्क कर ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण कर उनकी प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।अभियान के तहत गांव-गांव पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं उनके क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत का आकलन किया जा रहा है। अमलीपाली में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं आवश्यकताएं जिला पंचायत अध्यक्ष के समक्ष रखीं, जिनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण का आश्वासन दिया गया।

निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। श्री पांडे ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को उसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

इस अवसर पर श्री पांडे ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। गांव-घर चलो अभियान इसी संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त पहल है, जिसके माध्यम से जनप्रतिनिधि सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि इससे क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति मिलेगी तथा जनसमस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा।

# रायगढ़ पुलिस ने कोटपा एक्ट के तहत एक ही दिन 80 प्रकरणों में 16.200 रुपये जुर्माना किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 14 अप्रैल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी के मार्गदर्शन में जिले में सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा एवं तंबाकू नियंत्रण के उद्देश्य के तहत ऑपरेशन आघात के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई की गई। इस संबंध में सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

निर्देशों के पालन में पुलिस टीमों द्वारा बस स्टैंडए बाजारए शासकीय कार्यालयए अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सघन जांच की गई। इस दौरान पान दुकानों पर तंबाकू उत्पादों के पैकेजिंग एवं स्वास्थ्य चेतावनी संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किए जाने पर संचालकों के विरुद्ध जुर्माना लगाया गया। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए तंबाकू उत्पादों के अवैध विक्रय पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है। कार्रवाई के दौरान थाना तमनार क्षेत्र में 27 प्रकरणों में 5,400 रुपये धरमजयगढ़ में 17 प्रकरणों में 3,400 रुपये, लैलूंगा में 16 प्रकरणों में 3,200 रुपयेए छाल में 11 प्रकरणों में 2200 रुपयेए थाना कापू में 7 प्रकरणों में 1.400 रुपये तथा थाना कोतरारोड़ क्षेत्र में 2 प्रकरणों में 600 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार कुल 80 प्रकरणों में 16,200 रुपये की कार्रवाई की गई। सम्बलपुरी रोड स्थित इसपे गार्डन रेस्टोरेंट में जांच रेड कार्रवाई इसी कड़ी में नगर पुलिस अधीक्षक श्री मयंक मिश्रा के नेतृत्व में थाना साइबर एवं चक्रधरनगर



पुलिस टीम द्वारा सम्बलपुरी रोड स्थित ठनजजमतसिल इसपे गार्डन स्टोरेंट में जांच रेड कार्रवाई की गई। मौके पर रेस्टोरेंट मैनेजर चंदन कुमार पत्रो उम्र 39 वर्ष द्वारा आमजनों को बिना वैध अनुमति सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों के साथ तंबाकू युक्त सुट्टा हुक्का पिलाते पाया गया। जांच के दौरान कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर पुलिस द्वारा दो नग हुक्का पॉटए दो नग सेंटर बेसए चार पैकेट चॉकलेटी फ्लेवर तंबाकू एवं एक नग पाइप कुल कीमती लगभग 8ए000 रुपये जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना चक्रधरनगर में धारा 5ध्22 कोटपा एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

बटर फ्लाई गार्डन स्टोरेंट में की गई कार्रवाई में उप निरीक्षक गेंदलाल साहू संजय तिवारी थाना चक्रधरनगर तथा थाना साइबर के सहायक उप निरीक्षक नंद कुमार सारथीए प्रधान आरक्षक बृजलाल गुर्जरए आरक्षक धनंजय कश्यपए महेश पंडाए पुष्पेन्द्र जाटवर और नवीन शुक्ला शामिल थे ।

ऑपरेशन आघात के तहत कोटपा एक्ट के प्रावधानों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान एवं तंबाकू उत्पादों के अवैध उपयोगध्विक्रय करने वालों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# चांदी भंडार ने रायपुर में दो सिग्नेचर स्टोर्स के साथ छत्तीसगढ़ में रखा कदम

रायपुर, 14 अप्रैल। साल 2013 में स्थापित 'चांदी भंडार' अब एक अग्रणी सिल्वर ज्वेलरी ब्रांड बन चुका है, जिसकी पूर्वी भारत में 30 से अधिक ब्रांचेस हैं। 5 करोड़ से अधिक ग्राहकों के प्यार और भरोसे के साथ इस ब्रांड की यात्रा शुद्धता, बेमिसाल कारीगरी और आधुनिक डिज़ाइन्स के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

निरंतर होते विकास और समृद्ध संस्कृति के लिए प्रसिद्ध रायपुर शहर, इस ब्रांड के विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। रायपुर में आगमन के साथ ही, चांदी भंडार, शहर का पहला व्यापक सिल्वर डेस्टिनेशन बनकर अपनी लेगसी को नए ग्राहकों तक पहुंचाएगा। ज्वेलरी से लेकर डिनरवेयर, पूजा के बर्तन और गिफ्टिंग के ढेरों विकल्पों तक, यह ब्रांड एक ही छत के नीचे खरीदारी का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है।

रायपुर में अपनी शुरुआत करते हुए, चांदी भंडार ने दो नए स्टोर्स खोले हैं, जिनमें से एक वीआईपी रोड, सैफ्रन कॉरपोरेट, मेक इन इंडिया चौक के पास, तेलीबांधा में है, और दूसरा पंडरी, प्लॉट नंबर 10/2 और 10/3, मेन रोड, जीवन बीमा मार्ग पर स्थित है।




**एक अनूठा और शानदार अनुभव:** स्टोर के इंटीरियर को बेहद बारीकी से डिजाइन किया गया है, जिसमें एक भव्य लोटस मोटिफ (कमल की आकृति) वाला कैश काउंटर आकर्षण का मुख्य केंद्र है। यहां ग्राहक खरीदारी से पहले सामान को ठीक तरह से देख परख सकेंगे।

**हर किसी के लिए है कुछ खास:** लॉन्च के अवसर पर, रायपुर स्टोर्स में स्टर्लिंग सिल्वर ज्वेलरी का शानदार कलेक्शन पेश किया गया है:

महिलाओं के लिए: 92.5% शुद्ध हॉलमार्क वाली चांदी में जिरकॉन-स्टडेड, ऑक्सीडाइज्ड डिजाइन और 18k गोल्ड-प्लेटेड ज्वेलरी (हार, चूड़ियाँ, झुमके, अंगूठियां और पायल)।

**पुरुषों के लिए (अमोघ कलेक्शन):** बेहद आकर्षक और बारीक कारीगरी वाला ब्रेसलेट, अंगूठियां, कफ़लिंक और चेन।

**बच्चों के लिए:** आकर्षक और प्रीमियम सिल्वर डिजाइन।

**लाइफस्टाइल और गिफ्टिंग:** चांदी की नक्काशी वाले पर्स, घड़ियाँ, फ़ेन एक्सेसरीज, वाइन ग्लास, टी-सेट और लकड़ी के चांदी-वर्क वाले ट्रे।

**खास लांच ऑफर:** इस मौके पर चांदी भंडार 4 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2026 तक मेकिंग चार्जेस पर फ्लैट 50% की छूट दे रहा है।

चांदी भंडार की फ़ाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर लिप्सा हंस का कहना है कि ओडिशा के बाहर इस ब्रांड का विस्तार करने के लिए यह पहला कदम है। रायपुर में इस ब्रांड को लाना मात्र एक उपलब्धि न होकर हमारे लिए भावनात्मक क्षण भी है। हमें उम्मीद है कि ओडिशा की तरह ही रायपुर से भी हमें अटूट विश्वास के साथ ढेर सारा प्यार मिलेगा।

चांदी भंडार पूर्वी भारत की जानी-मानी सिल्वर ज्वेलरी चेन्स में शामिल है। ओडिशा के सभी प्रमुख शहरों में इसके 31 स्टोर्स हैं और ओडिशा के बाहर भी इसका विस्तार हो रहा है।

ग्राहकों के प्रति हमारी कमिटमेंट: लाइफटाइम फ्री क्लीनिंग, बेस्ट एक्सचेंज पॉलिसी, हॉलमार्क और जांचे-परखे प्रोडक्ट्स के साथ कस्टमाइज्ड चांदी के प्रोडक्ट्स की एक विस्तृत रेंज। खरीदने से पहले परखने की हमारी पॉलिसी (ट्राय बिफोर यू बाय) से हम यह सुनिश्चित करते हैं की आपको आपके पैसों की पूरी वैल्यू मिले।

## एक नजर

### बाबा साहब के विचारों से ही होगा समाज का समग्र विकास : बबीता कुलदीप



राजनांदगांव 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। रायपुर के वृंदावन में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर बाबा साहब के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के वृंदावन परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मखियार समाज एवं डॉक्टर अंबेडकर संघर्ष समिति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जातियों में बाबा साहब के विचारों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना और समाज में जागरूकता लाना रहा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अंबेडकर जी के सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मखियार समाज के महासचिव विक्रम कुमार त्यागी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं और उन्हें जन-जन तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उनकी समिति ने यह जिम्मेदारी उठाई है कि बाबा साहब की विचारधारा को हर वर्ग तक पहुंचाया जाए। त्यागी ने आगे बताया कि इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राजनांदगांव में भी समाज को जागरूक करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।कार्यक्रम में मखियार समाज राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती बबीता विनोद कुलदीप ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए शिक्षा और जागरूकता सबसे जरूरी है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जातियों में बाबा साहब के विचारों को फैलाने और समाज को प्रगतिशील दिशा में आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं। गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता, भाईचारा और न्याय की भावना को मजबूत करेंगे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### चिखली में साहू समाज के सामुदायिक भवन का महापौर ने समाजिक बंधुओ की उपस्थिति में किया भूमिपूजन

राजनांदगांव 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वार्ड नं. 5 चिखली मंगल भवन के पास साहू समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव ने पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख व श्री सुदेश देशमुख, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू व श्री सावन वर्मा, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, वार्ड पार्षद श्रीमती श्रुति लोकेश जैन,पार्षद श्री मनोहर यादव,पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा, जिला साहू संघ के अध्यक्ष श्री भागवत साहू, तथा सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि साहू समाज की मांग पर अधोसंरचना पर्यावरण उपकर निधि मद अंतर्गत 10 लाख रूपये की शासन से स्वीकृति मिली, जिससे समाजिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि सरकार विभिन्न समाज के लिए समय समय पर भवन निर्माण एवं अन्य कार्य के लिए राशि स्वीकृत करती है, स्वीकृति अनुसार भवन निर्माण किया जायेगा। उन्होंनें कहा कि आज चिखली में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम के शुभ दिवस पर साहू समाज के भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। साहू समाज भी बहुत आगे बढ़ गया है। समाज के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ लोग समाज के निम्न वर्ग के व्यक्ति की चिंता कर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करे, तभी समाज की सार्थकता है।

# भारत विश्व के समृद्ध देशों से भी ज़्यादा सुखी देशः बृजमोहन

■ बजट समझना हर नागरिक की जिम्मेदारीः बृजमोहन अग्रवाल ने युवाओं में भरी नई ऊर्जा

रायपुर, 14 अप्रैल। भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में, "MY Bharat छत्तीसगढ़'' द्वारा आयोजित राष्ट्रीय-स्तरीय 'MY Bharat Budget Quest' का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया अपने संबोधन में, उन्होंने 'विकसित भारत 2047' के स्वप्न को साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया, और प्रतिभागियों को समावेशी विकास तथा सतत विकास की दिशा में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

नवा रायपुर स्थित IIIT में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने ओजस्वी संबोधन से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। देश भर के 12 लाख और छत्तीसगढ़ के 30 हजार युवाओं में से चयनित होकर आए 471 प्रतिभागियों को श्री अग्रवाल ने भविष्य का 'आर्थिक दूत' बताते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप जैसे शिक्षित बच्चे ही आम आदमी को सरकार की योजनाओं और टैक्स के सदुपयोग के बारे में समझा सकते हैं।




**बजट को समझना हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी :** श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में सवाल किया कि, इसके पहले कभी आप लोगों ने बजट को समझने की कोशिश की थी? सही बताइएगा। बजट क्या होता है, बजट कैसे बनता है, बजट खर्च कैसे होता है, बजट में पैसे कहाँ से आते हैं–यह कभी इस देश का नागरिक और पढ़ा-लिखा नौजवान भी कभी समझने की कोशिश नहीं करता है।

हमें तो लगता है कि हमारे जेब में ?100 हैं, उस ?100 में से क्या चीज़ आएगी, हम उसको खरीद लेते हैं। इतना पैसा बचेगा, उसका क्या उपयोग करेंगे, इसके बारे में हम सोचते हैं। परन्तु जब कोई भारत की सरकार या राज्य की सरकार बजट बनाती है, तो उसके सामने बहुत सारे पहलू होते हैं।

**आर्थिक समझ और युवाओं की भूमिकाः** नौजवान जो है, वह सिर्फअपनी परीक्षा को पास करने में या प्रतियोगी परीक्षाओं (ष्पद्दश्चद्दह्लद्बद्वद्य द्र×ड्डद्व) को पास करने में, या फिर अपनी मौज-मस्ती के लिए पैसों की व्यवस्था करने को समझता है। और जब उसे कहीं पर ऐसी समस्या आती है–सड़क खराब मिलती है, बिजली नहीं मिलती है, कहीं सरकार काम नहीं कर रही होती है–तो वह सरकार को गाली देने लगता है।

परन्तु सरकार ऐसा क्यों कर रही है, किस कारण से हो रहा है? युवाओं को देश की समस्याओं, उपलब्धियों और बजट के बारे में जानना चाहिए। आज भारत की जनसंख्या 140 करोड़ है। इतने बड़े देश को चलाने के लिए बजट को मैनेज करना एक बड़ी चुनौती है।

आज भारत विश्व के समृद्ध देशों से भी ज़्यादा सुखी देश है। हमारी अर्थव्यवस्था स्थिर है। इसका एक बड़ा कारण हमारे बुजुर्गों की बचत करने की आदत है। जहाँ आज का नौजवान ?100 आने पर ?120 खर्च कर देता है, वहीं हमारी माताएं, बहनें और दादियाँ उस पैसे में से कुछ बचाकर रखती थीं, जो मुश्किल समय में काम आता था।

**विकास और अधोसंरचनाः** आज देश में तेज़ी से विकास हो रहा हैः फ्लाईओवर और एक्सप्रेस-वे का निर्माण। वंदे भारत ट्रेनों का संचालन। बुलेट ट्रेन का सपना, जो अगले एक साल में हकीकत बनने वाला है। इंफ्रास्ट्रक्चर का तेज़ी से विकास। यह सब पैसा कहाँ से आता है? सरकार हमसे टैक्स लेती है ताकि हमें अच्छी सड़कें, एयरपोर्ट, और रेल कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएँ दे सके। यह बात आम आदमी को कौन समझाएगा? आप जैसे पढ़े-लिखे बच्चे ही समझाएंगे।

छत्तीसगढ़ में प्रगतिः छत्तीसगढ़ में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई हैः राज्य गठन के समय केवल 1 मेडिकल कॉलेज था, आज 15 मेडिकल कॉलेज हैं। अगले एक-दो वर्षों में 5 और मेडिकल कॉलेज खुलने वाले हैं। प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य है कि हर जिले और संसदीय क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज हो। अंत में, मैं यही कहूँगा कि नई पीढ़ी को यह समझना चाहिए कि सरकार कैसे काम करती है और बजट कैसे बनता है। कार्यक्रम में कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब IIIT निदेशक डॉ ओपी व्यास , जिला पंचायत सीईओ श्री विश्रंजन, श्री नितिन शर्मा, श्री अर्पित तिवारी समेत प्रदेशभर से आए विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# डॉ.रमन सिंह,सांसद संतोष पाण्डे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों को दी अम्बेडकर जयंती की बधाई




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 14 अप्रैल। संविधान निर्माता पूज्य डॉ.भीमराव बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डे एवं महापौर श्री मधुसूदन यादव ने अम्बेडकर अनुयायियों को डॉ.भीमराव साहब आम्बेडकर जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए बाबा साहेब के बताये सिद्धांतो,मार्गो का अनुसरण कर जयंती मनाने की अपील की है।

विधायम डॉ. सिंह, सांसद श्री पाण्डे एवं महापौर श्री यादव ने बधाई संदेश में कहा कि डॉ. अम्बेकर दलितो मे मसीहा एवं एक महान विद्वान, समाज सुधारक और दूरदर्शी नेता थे, जिनका योगदान आधुनिक भारत के निर्माण में अविस्मरणीय है। उनका जीवन सच्चाई, न्याय और सामाजिक समानता के लिये संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने 3 मंत्र दिये-शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो। अतः हमे इसी विचारधार में चलना होगा, तभी देश मे एकता कायम रहेगी। उन्हें भारतीय संविधान का जनक कहा जाता है, जिसने सभी नागरिकों को समानता, न्याय और मौलिक अधिकार प्रदान किये। उन्होंने कहा कि हमे उनके सिद्धांतो को आत्मसात कर समाज व देश हित में कार्य करना है। निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा,नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा,सुनील साहू,राजेश जैन रानू,श्रीमती बिना ध्रुव,शैंकी बग्गा,आलोक श्रोती,राजा माखीजा,श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा,श्रीमती केवरा विजय राय एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू,सहित अपील समिति के सदस्यों श्रीमती श्रुती लोकेश जैन,श्री संतोष कुमार साहू,श्रीमती मोहनी बाई एवं श्री सेवक राम उइके, वरिष्ठ सभापति श्रीमती खेमीन यादव, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल तथा पार्षदा ने नागरिकों को संविधान निर्माता पूज्य डॉ.भीमराव साहब अम्बेडकर की जयंती के प्रसंग पर अपनी शुभकामनाएं देते हुये उनके आदर्शो पर चलकर जयंती मनाने की अपील की है।

# क्षेत्र में विकास कार्यों को मिली नई गति :रानी

तिल्दा नेवरा 14 अप्रैल। क्षेत्र में विकास कार्यों को मिली नई गति, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयासों की महिला मोर्चा शहर बीजेपी अध्यक्ष एव पार्षद रानी सौरभ जैन ने की सराहना करते हुए कहा है कि काग्रेस के पास अब मुद्दा नहीं है मंत्री जी ने नगर में बहुत कार्य करवा रहे है श्री मति रानी जैन ने बताया कि बलौदा बाजार विधानसभा के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा के नेतृत्व में तिल्दा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिली है। क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तिल्दा क्षेत्र में प्रमुख सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य तेजी से पूर्ण किया गया है, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन सुगम हुआ है। पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु नल-जल योजनाओं का विस्तार किया गया है, वहीं विद्यालयों के उन्नयन एवं स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं के विस्तार से आमजन को बेहतर सेवाएं मिल रही हैं। इसके साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से क्षेत्र के विकास को मजबूती मिली है। किसानों, महिलाओं एवं युवाओं के हित में भी कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं, जिससे क्षेत्र में समग्र विकास का वातावरण निर्मित हुआ है। इन विकास कार्यों की सराहना करते हुए रानी सौरभ जैन ने कहा कि कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी द्वारा तिल्दा क्षेत्र में किए जा रहे कार्य सराहनीय एवं जनहितकारी हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है और आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। रानी सौरभ जैन ने मंत्री श्री वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे और क्षेत्र प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा।



# डॉ.भीम राव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती मनाई गई



तिल्दा नेवरा 14 अप्रैल। तिल्दा नेवरा में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 135 वीं जयंती मनाई गई। इस मौके आंबेडकर चौक वार्ड क्रमांक चार एवं टाकीज के पीछे वार्ड क्रमांक 17 स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण कर उनके पद चिन्हों पर चलकर समाज में समानता लाने की बात कही। तिल्दा नेवरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला डॉ. खुमान वर्मा ने कहा की भारत के महान विचारक, समाज सुधारक और संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आंबेडकर की का जीवन हमें संघर्ष, शिक्षा और समानता का संदेश देता है। उन्होंने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन कभी हार नहीं मानी और समाज के हर वर्ग के अधिकारों के लिए लड़ते रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि और भाजपा रायपुर ग्रामीण महामंत्री अनिल अग्रवाल ,अनुचित जाति मोर्चा के राजू पाटिल ,लुकराम बघेल ,भाजपा रायपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष राम पंजवानी ,मण्डल अध्यक्ष मनोज निषाद ,नगर पालिका उपाध्यक्ष पलक विकास सुखवानी,पार्षदगण जयेश पैकरा ,रानी सौरभ जैन ,विनोद नेताम, राजकुमार गेंड्रे ,दिनेश गायकवाड़ ,धर्मेंद्र डहरिया ,डाक्टर खुमान वर्मा ,आदर्श वर्मा सौरभ जैन , तथा पार्टी पदाधिकारीगण जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्तागण एवं वार्ड वासी उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों की जांच कर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी सलाह



गरियाबंद 14 अप्रैल। परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ, जिला गरियाबंद द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। 14 अप्रैल को आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।0 शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक परामर्श और प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सामान्य बीमारियों के साथ-साथ ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य जांच भी निःशुल्क की गई।

भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. दिनेश कश्यप के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। जिला संयोजक डॉ. अरविंद नाथ तिवारी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। बाबा साहेब के विचारों शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस आयोजन को विशेष रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. तिवारी ने कहा कि आगे भी इस तरह के जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने शिविर में सहयोग करने वाले सभी चिकित्सकों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202604092200016**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2025-2026
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सोनू शर्मा,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनू शर्मा पिता गोविन्द शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी महावीर पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री पीताम्बरा शर्मा पिता सोनू शर्मा का जन्म दिनांक 24/09/2014 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 29/04/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर    तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार लालबहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202604094500002
-अ/6 (अ)वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक तारम पिता बिसेसर जाति गोड़ निवासी रामाटोला तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम मक्काटोला पटवारी हल्का नं. 15 में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 140/1, 140/5, रकबा 0.417, 0.429 हेक्टेयर कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.846 हे. भूमि राजस्व अभिलेख आन लाईन रिकार्ड में तारन पिता बिसेसर जाति गोड के नाम पर त्रुटिवेश दर्ज है। जबकि आधार कार्ड, पहचान पत्र, अंक सूची, राशन कार्ड में आवेदक का वास्वतिक नाम तारम पिता बिसेसर जाति गोड़ अंकित है। आवेदक द्वारा आन लाईन रिकार्ड में तारन पिता बिसेसर जाति गोड के स्थान पर तारम पिता बिसेसर जाति गोड़ दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, बी-1, आधार कार्ड, पहचान पत्र, अंक सूची, राशन कार्ड की छायाप्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 15.04.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर    तहसीलदार
लाल बहादुर नगर

**न्यायालय तहसीलदार लालबहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202604094500001
-अ/6(अ)वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सरवन पिता रतीराम यादव जाति यादव निवासी खुबाटोला तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम खूबाटोला पटवारी हल्का नं. 12 में स्थित अपने नाम की कृषि भूमि खसरा नं. 363/11 रकबा 0.174 हेक्टेयर कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.174 हे. भूमि राजस्व अभिलेख आन लाईन रिकार्ड में सखन पिता रतीराम जाति यादव के नाम पर त्रुटिवेश दर्ज हो गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर खसरा नं. 363/2 का टुकडा रकबा 0.202 हेक्टेयर विक्रेता शांन्ता बाई पति बृजभान सिंह राजपूत से क्रय किया गया है जिसमें सरवन पिता रतीराम यादव जाति दर्ज है। आवेदक द्वारा आन लाईन रिकार्ड में सखन पिता रतीराम जाति यादव दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 15.04.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नही होने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर    तहसीलदार
लाल बहादुर नगर



**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-1710/PUBLICATION/1678    Korba West, dtd. 10-04-2026
**TENDER NOTICE No. 345/2026. (e-Bidding)**

**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Bidders for the following Work:

| S. No | Tender No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date and time of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RFX No. 8100050622 | Procurement of Skin Casing Carbon Steel Plate Size-2000mm long x 1000mm width x 3.15mm thick for BHEL Boiler at 1x500 MW, Korba West. | 590/- | 14,544/- | 06.05.2026 |
| 2. | RFX No. 8100050703 | Day to day operation & load test of two numbers of goods cum passenger elevators installed at crusher house & TP-17 of CHP: INT, HTPS, Korba West. | 590/- | 8,312/- | 06.05.2026 |
| 3. | RFX No. 8100050704 | Replacement of BCW Pumps at 1x500 MW, HTPS, Korba West. | 590/- | 10,484/- | 04.05.2026 |
| 4. | RFX No. 8100050705 | Application of Chemically Bonded Plastic Refractory at HTPS, Korba West. | 590/- | 7,480/- | 04.05.2026 |

NOTE: - 1. Payment of Tender Cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website – **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.** 2.Quantity as per tender schedule.3.Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.

SUPERINTENDING ENGINEER (C)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)
HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

Samvad-47493/1



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)**

**-: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना :-**

क्रमांक/416/लो.नि.वि./न.पा./2026    बालोद, दिनांक-13/04/2026

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 21/04/2026 सायं 5:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र शुल्क जमा/प्रदाय की अंतिम तिथि - 23/04/2026 सायं 5:00 बजे तक
3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 05/05/2026 सायं 5:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 06/05/2026 दोपहर 12: बजे से...

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से अधोसंरचनामद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानत राशि | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर के विभिन्न कुओं का मरम्मत/संधारण कार्य | 3.25 | 750.00 | 3300.00 | 01 माह |

उपरोक्त कार्यों के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बालोद

नगर पालिका के करों का भुगतान समय पर करें।

# प्रदेश में कानून का नहीं, जंगलराज चल रहा : बैज



**रायपुर, 14 अप्रैल।** पूरे प्रदेश में भाजपा की सरकार में जंगलराज चल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अपराध का डर, भय खत्म हो गया है। भैरमगढ़ की घटना जिसमें एक नबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म चिंता का विषय है। इस तरह की घटनाये पूरी प्रदेश में घट रही है। तीन दिन पहले दुर्ग में पांच साल की बच्ची से रेप, अंबिकापुर अधेड़ महिला के साथ रेप और रायपुर में झाड़ी में छुपकर रात काटना पड़ रहा है। भाजपा के कांकेर जिला उपाध्यक्ष पर दुष्कर्म और यौन शोषण का आरोप लगे लगभग 1 महिने हो रहे है, अब तक एफआईआर नहीं लिखी गई, उल्टे पीड़िता पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। प्रदेश रेप, चाकूबाजी, चोरी, डकैती चरम सीमा पर है। ऐसा लग रहा छत्तीसगढ़ में सरकार कही भी नही है और छत्तीसगढ़ भगवान भरोसे चल रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राजधानी में लगातार चाकूबाजी की घटनाएं हो रही है। सरकार और पुलिस आपराधिक घटनाओं को रोक पाने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। डीएसपी की बेटी, आदिवासी संस्कृति पर कंटेंट बनाने वाली, एक आदिवासी छात्रा निवेदिता मांडवी को सोशल मीडिया पर गैंगरेप की धमकी मिल रही हैं। आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में गुंडे, मवालियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि आदिवासी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। पुलिस में शिकायत के बावजूद, पुलिस अधिकारी की बेटी के रिपोर्ट पर ही कार्यवाही में देरी हो रही है, क्या यही कानून का राज है।

## सरकारी लापरवाही से प्रदेश में नकली पनीर की बिक्री



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों सहित राजधानी में लगातार बन रही नकली पनीर बेहद चिंता का विषय है। यह सरकार के खाद्य एवं औषधि विभाग की लापरवाही है कि लगातार प्रदेश में नकली पनीर खुलेआम बन रही है और बिक रही है। जानवरो की चर्बी और तेल तथा सोडे से पनीर बनाया जा रहा, सरकार क्या रही है कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि नकली पनीर के निर्माण और बिक्री पर रोकथाम के लिये सरकार विशेष दल का गठन करें और प्रदेश के किसी भी कोने में बन रही नकली खाद्य सामाग्री पर कड़ाई से रोक लगाई जाये। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ने कहा कि भाजपा के कुशासन में आम जनता की सेहत भगवान भरोसे है। खाद्य और औषधि विभाग की कार्यवाही केवल नोटिस और चालान तक ही सीमित है। प्रदेश के 33 जिलों के लिये केवल 9 मोबाइल यूनिट है और ये भी विगत 2 वर्षो से बंद है। इस सरकार के पास इन्हें संचालित करने फंड नहीं है। नकली दूध, खोवा, पनीर एवं अन्य खाद्य पदार्थो का धंधा राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद बढ़ गया है। इस बात की संभावना से इंकार नही किया जा सकता कि सत्ता रूढ़ दल के संरक्षण के बिना इस प्रकार की गतिविधि संभव नहीं है।

## साड़ी घोटाले की सीबीआई जांच हो



छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार में महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के राज में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के लिए खरीदी गई साड़ियों में बड़े पैमाने पर घोटाला सामने आया है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आरोप लगाया कि लाखों आंगनबाड़ी बहनों को दी जाने वाली साड़ियों की गुणवत्ता बेहद खराब है, लंबाई कम है और कीमत में भारी गड़बड़ी की गई है। सूत्रों के अनुसार इस घोटाले में करोड़ों रुपये का गबन हुआ है, जो सीधे मंत्री के कार्यकाल में हुआ है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण इस घोटाले की कड़ी निंदा करती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं गरीब परिवारों की महिलाएं हैं, जो समाज की सेवा में लगी हुई हैं। उनके सम्मान और हितों के साथ इस प्रकार की खिलवाड़ भाजपा सरकार की महिला विरोधी मानसिकता को उजागर करती है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण यह मांग करती है। साड़ी घोटाले की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच सीबीआई को सौंपी जाए।। घोटाले की पूरी राशि की वसूली की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। घोटाले में शामिल ठेकेदारों, अधिकारियों और अगर मंत्री स्तर तक की संलिप्तता पाई गई तो उनके खिलाफभी उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

# कैट महिला विंग ने किया रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन



**रायपुर, 14 अप्रैल।** कैट महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा, महिला प्रदेश महामंत्री पिंकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट प्रदेश उपाध्यक्ष पल्लवी मनोदेव गौडा ने बताया कि कैट महिला विंग द्वारा दिनांक 12 अप्रैल को अनुपम नगर स्थित जोशी होम्योपैथिक क्लिनिक में एक सफल रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. प्रिया जोशी के सहयोग से आयोजित किया गया। कैट महिला विंग द्वारा डॉ. सैमुअल हैनेमैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य को ले कर यह कैम्प का आयोजन किया गया था। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न प्रकार की जांचें बहुत ही रियायती दरों पर उपलब्ध कराई गईं। जहां अन्य पैथोलॉजी लैब में इन सभी जांचों का खर्च लगभग 4, 400 तक आता है, वहीं इस शिविर में 600 और 900 के विशेष पैकेज में जांच की सुविधा दी गई।

## अग्रवाल महिला मंडल ने लगवाए दो वाटर कूलर

**रायपुर, 14 अप्रैल।** अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा अध्यक्ष ममता अग्रवाल जी की नेतृत्व में दो वाटर कूलर लगवाया गया है। अध्यक्ष ममता अग्रवाल जी की नेतृत्व में कोर्ट परिसर में भीषण गर्मी को देखते हुए वाटर कूलर लगवाया जो की सम्माननीय सुनील अग्रवाल जी ने अपने माता-पिता की स्मृति में वाटर कूलर प्रदान किया, जिसका उद्घाटन अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सम्मानीय विजय अग्रवाल ने किया।

अग्रवाल सभा की अध्यक्ष ममता अग्रवाल जी के नेतृत्व में सड्डू स्थित मां बगलामुखी माता के मंदिर में आते-जाते रहगीरो श्रद्धालुओं आमजनों के लिए वाटर कूलर लगवाया गया जिसका उद्घाटन अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सम्मानीय विजय अग्रवाल जी के कर कमल के द्वारा किया गया. उद्घाटन के समय अग्रवाल सभा के कोषाध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य सुभाष अग्रवाल जी एवं महिला मंडल की पूरी टीम उपस्थित रही. प्रचार प्रसार मंत्री ज्योति अग्रवाल ने बताया की। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष ममता अग्रवाल जी के द्वारा एक जरूरतमंद दिव्यांग बालिका को लाभांडी स्थित गवर्नमेंट स्कूल में व्हीलचेयर प्रदान किया गया, नीरू अग्रवाल जी के सौजन्य से महिला मंडल की उपस्थिति में यह व्हीलचेयर प्रदान की गई.







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26